श्रमिकों का जहां तक सवाल है, मैं समझता हूं कि श्रमिकों को सब से अधिक परेशानी बड़े-बड़े उद्योगपतियों से होती है । सरकार ने तो अपने उद्योगों में श्रमिकों को कुछ राहत देने की कोशिश की है और सरकार यह भी कोशिश करती रही है कि उन श्रमिकों, जोकि पूंजीपतियों के उद्योगों में कार्य करते हैं, को भी कुछ राहत मिले लेकिन पूंजीपति बहुत चालाक होते हैं और वे एक विशेष ढंग से श्रमिकों का शोषण करते रहते हैं । इसलिए मेरा कहना यह है कि बड़े-बड़े उद्योग घरानों की पूंजी की सीमा निर्धारित करनी चाहिए । ये घराने अपनी पूंजी से देश की राजनीति एवं प्रशासन को बहुत प्रभावशाली ढंग से प्रभावित करते हैं । ये जनता का शोषण कर के अपनी पूंजी में वृद्धि करते हैं । पत्रकारिता पर भी इन का पूर्ण नियंत्रण है तथा पूंजी के द्वारा ये जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित करते हैं । श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए पूंजीपतियों पर, नियन्त्रण आवश्यक है । इस के अलावा निजी क्षेत्र के बड़े उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करना आवश्यक है जिस से श्रमिकों का शोषण बन्द किया जा सके । इसलिए मैं समझता हूं कि निश्चित सीमा से जब पूंजी अधिक होती है, तो वही पूंजी शोषण का माध्यम बनती है, शोषण का हथियार बनती है और इस से पूंजीपति श्रमिकों का शोषण करते हैं । श्रमिकों के शोषण को बन्द करने के लिए बड़े-बड़े पूंजीपतियों के उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करना मैं जरूरी समझता हूं । पूंजीपति श्रमिकों के सब से बड़े शत्रु हैं । इन पूंजीपतियों को भ्रष्ट नौकरशाही मदद करती है और उस की मदद से ग़रीब श्रमिकों के शोषण करने का काम आसान होता है ।

इस सम्बन्ध में मैं एक सुझाव यह देना चाहूंगा कि राष्ट्रीय वेज पालिसी, नेशनल वेज पालिसी सरकार को बनानी चाहिए और इसमें हमारा वित्त मंत्रालय काफ़ी कुछ पहल कर सकता है ।

मान्यवर, हमारी सरकार ने स्मगलिंग को रोकने की दिशा में बहुत प्रभावशाली कदम उठाये हैं जब कि पिछली सरकार ने केवल दिखावे के लिए ही काम किया था । 19 महीने के अत्याचारपूर्ण शासन को जस्टफाई करने के लिए कुछ स्मगलर्स को जेलों में डाला था । इसका सब से बड़ा कारण यह था कि स्मगलर्स की कुछ राजनीतिक तत्वों के साथ सांठगांठ थी । मान्यवर, इसकी जांच होनी चाहिए । मान्यवर मैं किसी पोलिटिकल पार्टी विशेष के बारे में नहीं कह रहा हूं बल्कि इस बात को कह रहा हूं कि तमाम स्मगलर्स के पोलिटिकल लिंक्स खोजे जाने चाहिएं । मैं किसी एक पोलिटिकल पार्टी को इस के लिए दोषी नहीं ठहराना चाहता हूं । मैं यह बात साफ़ कहना चाहता हूं कि जो भी स्मगलर्स के साथ सांठगांठ करता है उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए और इस बात की जांच होनी चाहिए ।

मान्यवर मैं सरकार को इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि सरकार ने 150 लोगों को कोफीपोसा में अभी बन्द किया है । यह सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है और सरकार इस के लिए बधाई की पात्र है । ऐसे लोगों को पकड़ा जाना चाहिए और जेलों में बन्द किया जाना चाहिए । इसके बाद उन पर मुकद्दमा भी चलाया जाना चाहिए । इसके लिए भी मेरा वही पुराना सुझाव है कि यदि आवश्यक हो तो संविधान में भी संशोधन कर इन स्मगलर्स पर कड़ा नियंत्रण स्थापित करना चाहिए ।

मान्यवर, मैं मंत्री जी को इस बात के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि सरकार

[श्री हरिकेश बहादुर]

ने बहुत बड़ी मात्रा में हसीस पकड़ी है । उस हसीस को पकड़ कर, देश की अर्थ व्यवस्था को चोट पहुंचाने वाले कुछ तस्करों पर सरकार ने प्रहार किया है । इस तरह के कदम सरकार को हमेशा मजबूती और सफलता के साथ उठाते रहना चाहिए ताकि देश में तस्करी पूर्णतया बंद हो जाए ।

मान्यवर, सरकार ने स्वर्ण की बिक्री का कार्य शुरू किया है । अगर इस कार्य से प्राइस कंट्रोल हो सकती हैं, आवश्यक चीजों के दाम और साथ साथ सोने के दाम भी नीचे आ सकते हैं तो इस कार्य को अच्छा कहा जा सकता है । इस मायने मैं यह कार्य सराहनीय हो सकता है । लेकिन जब सोने का दाम गिरने लगे और यह एक सीमा तक नीचे आ जाए तो सरकार को सोने की बिक्री बंद कर देनी चाहिए क्योंकि इसको बेचने मैं सरकार का मूल्य उद्देश्य यह है कि इसके दाम को घटाया जाए और दूसरी चीज़ों की कीमतों पर नियंत्रण स्थापित किया जाए । मैं समझता हूं कि अगर सरकार के सोना बेचने से सोने का दाम गिरता है तो उस के बाद इसकी बिक्री बन्द हो जानी चाहिए और शेष सोने को सुरक्षित रखा जाना चाहिए ताकि फिर कभी इस कदम को उठा कर सरकार वस्तुओं के दामों को नियंत्रित कर सके ।

मान्यवर, इसके अतिरिक्त मैं कुछ और बातें कहना चाहता हूं जिनका हो सकता है इस फाइनेन्स बिल से सीधा सम्बन्ध न हो लेकिन फिर भी काफी कुछ सम्बन्ध मैं उनका इस फाइनेंस बिल से मानता हूं । आजकल हमारे देश में सब से बड़ी समस्या ग्रामीण विकास की है । इस ग्रामीण विकास में जितनी तेजी लानी चाहिए थी वह तेजी नहीं आ रही है । मान्यवर, साथ ही बेरोजगारी भी समाप्त नहीं हो रही है । मैं जानता हूं कि सरकार का इस सम्बन्ध मैं क्या इरादा है । सरकार को इसका उन्मूलन करने में पूरी आस्था और विश्वास है । सरकार चाहती है कि देश तरक्की करे, देश से बेरोजगारी दूर हो । मान्यवर, वित्त मंत्री जी ने जो बजट प्रस्तुत किया है उससे देश की प्रगति में काफी मदद मिलेगी । मगर, मान्यवर, आज जनता को जितना संतोष चाहिए, उतना संतोष उसे नहीं मिल पा रहा है । गांवों के अन्दर आज भी हालत वैसी ही है । वहां पर सिंचाई के साधनों पीने के पानी, स्कूलों, अस्पतालों और छोटे-छोटे घरेलू उद्योगों की व्यवस्था सरकार को शीघ्र करनी चाहिए । अगर हमें विकास करना है तो इस में कोई सन्देह नहीं है कि बेरोजगारी को हमें दूर करना होगा । अगर इसको दूर नहीं कर सकेंगे तो देश मैं ऐसी स्थिति कायम नहीं रहेगी कि विकास कार्यों को तेज़ी के साथ हम चला सकें । बेरोजगारी ने ही आज देश के अन्दर सब से ज्यादा असन्तोष पैदा किया है और यही उसका सब से बड़ा कारण बनी हुई है । इसके लक्षण और इसकी प्रतिक्रियायें हमें समाज में हमेशा देखने को मिल रही हैं । ग्रामीण विकास, गृह उद्योगों के विकास, छोटे उद्योगों के विकास के साथ ही इस समस्या को समाप्त करने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाने चाहिएं और हम को चाहिए कि हम अपने वित्तीय साधनों को इस तरफ डाइवर्ट करें, उनको इस तरह का मोड़ दें ताकि यह समस्या आसानी से और जल्दी से जल्दी हल हो ।

उत्तर प्रदेश , बिहार तथा कुछ अन्य राज्यों में चीनी एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। वहां पर चीनी की मिलें हैं। किसानों को इस गन्ने की वजह से काफ़ी कुछ नुक्सान उठाना पड़ा है । तमाम लोगों का गन्ना खेतों मैं सूख गया है। कुछ लोगों ने अपना गन्ना जला तक दिया है। हो सकता है कि इस तरह की बात किसी और कारण से भी हुई हो लेकिन ज्यादा तर यही देखने में आया है कि चीनी मिल मालिकों के इरादे किसानों के खिलाफ़ हैं और साथ ही समाज विरोधी हैं। उसका भी यह एक परिणाम रहा है कि

लोगों को अपना गन्ना जला देना पड़ा है या उनका गन्ना खेतो में सूख गया है। अब से नहीं पिछले कई महीनों से बराबर मैं कहता आ रहा हूं कि चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण किया जाए। हो सकता है कि सरकार के सामने कुछ कठिनाइयां हों। लेकिन चीनी मिल मालिक किसी भी हालत में सरकार के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं, ऐसा मुझे दिखाई नहीं देता है। वे किसानों का शोषण करते रहेंगे, किसानों को नुक्सान पहुंचाते रहेंगे। अपनी चीनी मिलों को बहुत ही खराब हालत में वे आज रखे हुए हैं क्योंकि उनको इस बात का सन्देह है कि ये मिलें सरकार द्वारा अपने हाथ में ले ली जाएंगी जिससे उनको बहुत बड़ा नुक्सान होगा। अगर हम उनके इन तमाम तरह के आडम्बरों के पीछे पड़े रहेंगे और डरते रहेंगे तो हम किसानों को कोई फायदा नहीं पहुंचा सकेंगे। हमें इस काम को करना ही होगा भले ही इसके लिए सरकारी कोष से कुछ पैसा लगा कर हम को इन मिलों को फिर से नई हालत में लाना पड़े भले ही सरकार को इस काम के लिए कुछ ज्यादा पैसा खर्च करना पड़े। अगर किसान और देश का व्यापक हित हम चाहते हैं तो इन मिलों का राष्ट्रीयकरण करना बहुत ज़रूरी है और सरकार को इनको अपने हाथ में ले लेना चाहिए।

दो और समस्यायें हैं जिन के ऊपर मैं अपने विचार व्यक्त करना चाहता हूं। हरिजनों की समस्याओं पर बराबर इस सदन में चर्चा होती रहती है। इसके लिए सरकार को दोषी ठहराया जाए इससे मैं ज्यादा सहमत नहीं हूं। खास कर विरोधी दल के लोगो ने जिस तरह से हमारी सरकार पर इस बात के लिए प्रहार किया है उससे भी मैं सहमत नहीं हूं। जनता पार्टी की सरकार ने हरिजन उत्थान की दिशा में जो कदम उठाए हैं उन से सदन अवगत है। अभी कर्नाटक के अन्दर क्या हुआ है इसको हमारे मित्र श्री मनोरजन भक्त अच्छी तरह से जानते हैं। इस सदन में इसको ले कर मैंने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का नोटिस भी दिया था लेकिन उसकी मुझे इजाजत नहीं दी गई। यह एक सामाजिक समस्या के रूप में हमारे सामने हैं। सभी राजनीतिक दल, सभी बुद्धिजीवी और तमाम ऐसे लोग जो आज सुविधा प्राप्त कर रहे हैं या अपने को उच्च वर्ग के समझते हैं यह उन सब की जिम्मेदारी है कि वे देखे कि किसी भी हरिजन, किसी भी आदिवासी, किसी भी ऐसे व्यक्ति के प्रति जो दलित है किसी भी प्रकार का अन्याय न हो। चाहे कोई भी सरकार हो, जनता पार्टी की हो या कांग्रेस की हो सभी को प्रभावशाली ढंग से कार्य इस दिशा में करना चाहिए और अगर वे नहीं करती हैं तो मैं उनकी कड़े शब्दों में सदन के इस धरातल से निन्दा भी करना चाहता हूं। तरह-तरह के सुझाव भी इस समस्या के समाधान के लिए दिए जा सकते हैं। यह कहा गया है कि जिलाधिकारियों और जिले के जो पुलिस अधीक्षक होते हैं, सीनियर सुपरिटेंडेंट पुलिस होते हैं अगर इस प्रकार की वारदात होती है तो उनको जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मैं कहूंगा कि ग्राम सभा का जो पंच होता है, सरपंच होता है उनको भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए बल्कि हर ऐसे व्यक्ति को भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए जोकि समाज के अन्दर रहता है और समाज के अन्दर शान्ति स्थापित करना चाहता है।

मान्यवर, इसके बारे में मेरा एक सुझाव है कि हरिजनों के उत्थान के लिए बड़ी बड़ी बाते यहां पर होती हैं, कुछ लोगों के लिए नौकरियों में जगह भी सुरक्षित हैं। लेकिन अगर आप हरिजन बस्तियों को देखे तो पायेंगे कि वहां पर इतनी गंदगी रहती है कि कोई भी इन्सान ठीक ढंग से नहीं रह सकता है। इसलिए तमाम गरीब लोग रोगों के शिकार हैं और उनका स्वास्थ्य खराब है। उन्हे ऐसा वातावरण नहीं मिल पाता है जिससे वे अपना शारीरिक

[श्री हरिकेश बहादुर]

और मानसिक विकास कर सके। इसलिए हरिजन बस्तियों के उत्थान के लिए बिजली पानी, सड़क निर्माण के लिए कुछ पैसा हमको डाइवर्ट करना चाहिए, और इस दिशा में सरकार को कदम उठना चाहिए।

अन्त में मैं गरीब बुनकरों की समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आज यार्न का दाम बढ़ जाने की वजह से और साथ ही कुछ बड़े बुनकरों के हो द्वारा बनाय हुए माल का सरकारी संस्थानों और कारपोरेशन द्वारा खरीदे जाने के कारण गरीब बुनकरों की स्थिति खराब होती जा रही है। हमारे क्षेत्र में तमाम हथकरघे बन्द पड़े हुए हैं क्योंकि जो अलग अलग से लोग अपना कपड़ा बनाते हैं उनका कपड़ा सरकारी संस्थानों द्वारा नहीं खरीदा जाता है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि सरकार राज्य सरकारों को इस तरह की हिदायत दे साथ ही केन्द्रीय सरकार इस दिशा में कदम उठाय कि जो गरीब बुनकर अलग कपड़ा बनाते हैं उनका कपड़ा सीधे खरीदने की व्यवस्था कोरपोरेशन्स के जरिए की जाये ताकि वे बेरोजगारी के शिकार न हों और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे तथा समाज में शांति और ठीक ढंग से रह सकें, सुख से जीवन बिता सकें।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और सरकार को फिर से धन्यवाद देता हूं कि सरकार ने बहुत से कन्सेशन्स दिये हैं जनता को और साथ ही देश को तरक्की की तरफ ले जाने का एक बजट पेश किया है, और जो वित्त विधेयक सरकार ने हमारे सामने रखा है वह विधेयक निश्चय ही इस देश के अर्थतंत्र को मजबूत करने में सफल होगा।

SHRI T A PAI (Udipi) Mr. Deputy Speaker, Sir, the Finance Minister was an angry man when he was replying to the debate last time. He would not like any criticism at all He expected the country to welcome the type of budget that he had presented and the type of taxation measures that he had suggested. Unfortunately, the whole country was unhappy perhaps except himself Nobody can be proud or happy of the type of budget that he had presented If only he was in the opposition, I think he would have criticised some of these measures and the way economy had been managed much more bitterly than perhaps one would have thought

As an Indian, I want this Government to succeed but as a Member of the opposition it is our duty to point out that this way the country cannot go ahead. After all last year, Rs 200 crores was not invested what was proposed to be invested and should not the House know why and under what scheme this money was not invested I would very much like in future the Finance Minister to give the break up of cost of any project year by year and take the approval of the Parliament so that we might know how much money was expected to be spent, why it had not been spent and what was coming in the way because the Finance Minister himself had pointed out last time, in the booklet about the cost of delay The Government's schemes which were not implemented in time would escalate the costs and caused damage to the economy so much that a job which we could do in two years, if we did it in three years it would be the same job, but the achievements would be far delayed

When it comes to a question of deficit also, feeling has been that every time the Finance Ministry- not only this time even in the past whenever certain deficits were promised they have always exceeded them Why should not the House know why is it that the deficits have gone up, what was the reason and under what heads so that we may have a chance to look into it? Why should we be presented with a blank deficit and be told that this is the deficit that we have arrived at? Well as a matter of fact the only defence that the Finance Minister had was that the Janata's deficit was different from the Congress's deficit Well, I do not know what he meant by it Deficit is deficit True, when the Congress Government presented the budget, it was Congress deficit and when the Janata Government presented the budget, it was Janata's deficit, but the effect of the economy on deficit is the same. Let us not fool ourselves by saying that we are presenting something which is more beautiful before the country.

SHRI NARENDRA P NATHWANI (Junagadh) : He would better refer to paragraph 34 of the Finance Minister's speech where

he has explained how out of Rs. 935 crores Rs. 414 crores were given to the States.

SHRI T.A. PAI : I would also like to point out that deficit is not only what has been promised by the Central Government this year. A large portion of the investment funds has been given to the State sector in this Budget. The State Governments knew, when their Budgets were drawn up, what were the amounts that were coming to them. In spite of that, the deficit by the State Governments this year are over Rs. 800 crores. It is the total deficit of the entire economy that we should be concerned with. You cannot have a Central deficit and a State deficit. They are not different for the economy.

Now, look at the Electricity Boards. The accumulated losses of the Electricity Boards come to Rs. 750 crores ; this year alone they have made a total loss of Rs.165 crores. If we go on managing the economy of this country in this way, that will be at the expense of the poorest man. I am only pleading for this nation becoming more efficient than what it is today.

It is not necessay to explain that we have failed. We cannot afford to fail. The others can. That is the reason why I am making this appeal to you.

Look at the way subsidies are being distributed. I have been strongly feeling that subsidy is one source of corruption in the entire economy Why don't you have a Subsidy Commission, and why don't you have a Subsidy Corporation, so that the Commission and Corporation may go into what type of activities. what areas of economic development for what classes of people, the subsidy must go. If subsidy has to be given, it has to go to the poorest people and not to the others who int he name of subsidy, are getting the benefit : in fact, they are the only people who derive the benefit . It is time that we tried to examine the cost-benefit effect of subsidies that we are extending.

I am suggesting, therefore, that, with regard to planned expenditure, there should be greater efforts. This year also omnibus sanctions have been given. The Finance Minister said that details of employment were being worked out. Are you not sure of the employment potential or problem in the past, the economists said that, if Rs. 1 crore were invested, automatically so many jobs would be created. But nobody has cared to find out whether the jobs are being created : even if you throw the resources into the Arabian Sea, nobody would know. Therefore, it is time that, in this country, we tried to decide how an investment of Rs. 1 crore now invested can create more jobs. Unfortunately, the Planning Commission consists only of economists. We do not have engineers who can say how this money can be invested to achieve our employment goal. We require experts who are in a position to give the alternatives—where employment can be created. Mere slogans that what is made in the cottage sector will create more employment or what is made in the small scale sector will create employment, will not do. These are only generalised statements. When during this year so much of money is being invested, it is better the House is informed, under each sector, how many jobs are sought to be created as a result of this investment. Then only the investment will be meaningful. Do not take it for granted as we did in the past. I am only drawing your attention to this. Mistakes may have been made in the country in the past at any time on account of our inexperience. This nation has the right to make a mistake once, but it cannot repeat it. It must learn lessons from the mistakes it has made—now they could be rectified. Do not take it for granted that we can go on extending our failures. It is time we get up and see what we have got to get over these problems.

My friend, Mr. Venkataraman, did not agree with gold imports. I would agree with gold imports for one thing When I went to the Middle East as Minister for Industries, I had received representations from many people that there was a big market for jewellery made in India. Therefore, if it could provide employment in this country, what is wrong in importing gold. making jewellery and exporting it ? I do not understand why all kinds of ideological conflicts are brought into this. Gold is a commodity. As a matter of fact, we had been following a wrong policy.

The Bharat Gold and the Kolar Gold Fields, for instance, whenever they mined gold they were required to sell it to the Reserve Bank at a price much below the present international price. In fact, it did not cover the cost of production. The result of it was that the Bharat Gold Fields has been continuously showing losses, because gold has been sold to the Reserve Bank at that price, and the activities of Bharat Gold Fields have been brought to a standstill. Soviet Russia does not mind the cost of mining : it goes on mining gold. Therefore, if on these false considerations, we do not explore and exploit the gold deposits—what—ever little deposits we have I think we would be doing a wrong thing.

There is a belief that gold is used only to hoard black money and it is used only by the rich people. Let us apply our

[SHRI T. A. PAI]

common sense. Millions of marriages take place every day. Even if only an ounce of gold is required for a Mangal Sutra—without which no marriage takes place in any community in India—what is the demand that is created ? If you are not going to meet the demand legally, it will have to be met by smuggling. This is an anti-smuggling measure and I do not know why the Finance Minister is on the defensive. Our difficulty is that we want, in this country, to be always playing the politics of rhetoric, without going into the sound reasons why a particular decision becomes necessary at a particular time. And gold is a commodity. If you can import any commodity and sell it in this country to create rupee resources, don't understand why we should not do it with gold.

My complaint is that you are saying that you will only sell the gold which is now with the Reserve Bank. Why should you have said it ? Because, the people know how much gold you have : and they are asking what you will do after that. People have been saying that you are doing somethting antinational, which the previous Government did not do I don't agree with that. What you should do is, if you want to import, in future you should announce the policy that in order to bring down the price of gold in this country, you will import as much gold as is necessary, without giving a time limit and without allowing for speculation to go on—because it is weakness that you are now projecting in your policy.

Take for instance the import policy. You say it is good for one year. People know that after one year it may be stopped. So they import as much as they can, store it, hoard it and make money. You are responsible for creating these conditions. Why don't you have a basic policy for five years at least ? Why should not the country know that for five years you know your own mind ? If you do not know your mind, how do you expect the country to know its mind—or your mind, for that matter ?

Now, I come to the question of indirect taxes. Well, the Jha Committee set on this, because, over a period of yours, our excise duties had become irrational. We imposed excise duty on certain commodities at particular times because there was shortage and there was a black-market price for them. Instead of somebody pocketing it, why should dot the Government pocket it through excise ? But now even when the black-market does not continue, you continue to have the tax and therefore it becomes impossible for people to even have those commodites made available.

You are now all for large-scale development of small scale industries. Now, when a small scale unit sells its product to a big plant, it is made to pay excise on that whereas one big plant making the product within itself will not have to pay excise on the product it makes. Then, who is interested in buying from small scale units where, at every stage, there is excise on excise? The cascading effect of this system makes the final product also very expensive. So we wanted the Jha Committee to rationalise this. But when they made their recommendation what did you do? You say that you have accepted it in principle but you have put an omnibus increase of 5% on everything. Now, do you require an expert Committee to put a 5% increase on everything? Why 5%? Why not 6% ? Why not 7% ? You don't require an expert Committee for that. What I regret is that we do not have any research as to the effect of any taxation measure on the nature of our economy from time to time. Because, fiscal measures also can build up the economy just as it can destroy the economy. So my appeal to you is not to quote some Committee. The Committee never asked you to have a 5% increase. And don't say that you have rationalised it. What have you rationalised ? You have thrown this report into the waste-paper basket and you have increased it by 5% because you are anxious to raise resources.

Then, what is the other tax that you have imposed? It is on the advertisements. Now, so many of these photographers and small people are engaged in this. One tax system can destroy the whole activity and throw them out of employment. While even now the companies can hold parties in the Five Star hotels and spend any amount of money. Put a stop to that. Why do you put a stop to the advertisements. I do not even agree that the small concessions which you have given are rational enough. There has been so much of opposition and so many problems have been pointed out. It is your duty to see not to stand on any prestige to scrap it altogether.

15.00 hrs.

Now, a word about taxation on electricity. As I told you the electricit boards are not functioning properly. They are not generating even 50 per cne of power. They make losses. You go not

providing funds to them and again you are now taxing them. I do not know whether it is not a question of transferring the resources from the States to the Centre. I would request you to call the Attorney General to the House to tell us before we consider this Bill whether it is legal for this government to impose this kind of a tax on electricity.

Regarding coal, well I know the working of Coal Ministry. We had a fuel policy decided. We said wherever coal can be used diesel shall not be used. Now, what do you see. Coal because it is not being transported by train now is transported as long as 1,500 miles to different parts of the country by trucks using diesel. Is there anything more foolish than this! Namely, using diesel to move coal so that coal can be used. Why not use diesel itself directly. Is there any economy which fits with these words but when it comes to implementation it does not care to see where we are going wrong. On coal you have imposed a duty. What will they do? CMA will have to pay the duty as soon as they mine. So, the CNA whose bills are not settled by Government department—over 85% of coal is used by Government departments will run into further difficulties because CMA will not have money to pay you advance excise duty and apart from this the fact these electricity bills and coal bills and increased cost of electric generation because of increased coal bills is going to eat into the economy and when you say that *it is* not likely to create any inflation does it mean as if inflation like King Canute can be ordered to be stopped.

You have been publishing wholesale prices. Sir, when I was myself in Administration I thought this price index was a thing which people are fooled with because there is no realism in it. From 30 centres you ask your officials to collect the prices. If the Government wants to create a situation where there is no price rise they will get the same type of report that you want. Will the Minister of State and the Finance Minister go to the vegetable markets or the various other markets where the housewives have to go and then find out the increase in prices. When the people tell the merchants that the newspapers or the Doordarshan say there is no increase in prices the merchants tell them to go to Doordarshan or the Papers to buy whatever they wanted to buy. If you want to purchase you have to pay this price. So, let us not feel ourselves. The economy must have one objective. To say that the prices will not go up is foolish. If the wages and other things go up the prices will go up but we should have a ceiling. We can have a plan to say that beyond this we will not allow the prices to go up. One can understand that. We have to look into as to why costs are also going up. Have you got a policy of five years at least to stabilise the prices of basic raw-materials, such as, fertilisers, insecticides—so far as agriculture is concerned—steel, copper, aluminium and other metals? What is the idea of trying to control the end-product without having a stable policy for the prices of raw-materials?

Sir, I come to your Department now. Some of my friends referred to some people being detained under COFEPOSA and they were very happy. In a way we introduced the *MISA* and we also gave a solemn undertaking to this House that we were not going to detain any politicians or anybody under this. But you know what happened. COFEPOSA is equally dangerous because we may all support it saying that it is meant against smugglers just as we said that every politician is guilty of some crime under MISA and the COFEPOSA for the same purpose. *It is possible to use this because* any law in this country, where there is no trial, shall go. If you believe in restoring freedom, I think this is as bad as MISA so far as the detention powers are concerned. Why is it that the politicians or the Government does not want to put these smugglers on trial? Are they afraid that smugglers might disclose their connections with the politics of this country whichever party it may be? Why not prove that they are guilty? Why should you detain them? It is only because you can make their mouth shut that you keep them behind bars without any trial. Please look into it. It will not do any credit for you to get 20,000 letters opened every day and have the telephones also tapped. This may be a privilege of your Ministry. But that privilege deserves to be there if the smugglers are to be tried properly and punished properly. Let them know it. Let there be a fair trial according to everyone.

Another thing is about the difficulties that the people have to encounter with the customs. It is not that the customs people are sedastic, but they are not able to interpret your confused laws. Some years ago, three years ago, during our regime, a ship that was going from Greece to Hong Kong got into difficulties near Mangalore and the ship had to unload some of the motor-cycles because it was overloaded. The Captain of the ship came to the shore and offered the motor-cycles to the educational institutions as a gift. The Customs had said "No, you cannot do it." Then the Captain said "I am prepared to give them as gift to the Government". The Customs people said that they would not accept

[Shri T A Pai]

them without the permission from Delhi Then the Captain got in touch with Delhi for which the answer was No So he said I do not know what kind of people you are", and threw all the motor cycles into the sea and went away Now, ever since the British days the archaic customs laws have been continuing and God knows when it will be changed It requires an expert to understand Why don't you simplify them ? I also understand that a non resident Indian after staying abroad returns to the country within two years is treated as a traveller as a tourist and is not entitled even to the goods worth of Rs 500 to bring in Even when when we go out and return to the country we are allowed to bring them in Is it fair ? Why don t you treat all the people equally ? I am sure the whole administration is based on one theory An Indian cannot be trusted by another Indian The British started this system Whatever your administrative reform is as long as you are not prepared to trust the people of this country and as long as you do not have the courage to punish those who are going wrong you are in the name of punishing the wrong ones punishing the right ones and allow the wrong ones to escape this country would not progress I think you will have to see that your rules regarding the Income tax and Customs are so drawn up that it encourages the people to be more honest and do not avoid it Therefore I think it requires a lot of reform to be carried out I would very much wish the Finance Minister looks into the project implementation in time because he himslelf knows the cost of delays and I would very much like that the taxation measures particularly the advertisement tax is done away with and so far as the electricity duty is concerned the Attorney General is asked to appear before the House and advise us

श्री महामाया प्रसाद सिंह (पटना) आपने मुझे बैठ कर बोलने की इजाजत दी है इसके लिए मैं आपका शुक्रगुजार हू । इसका कारण मेरी बीमारी है । मैं अपना हाल आपको क्या बताऊ ।

दर्द अपने हाल से तुझे आगाह क्या करे

जो सास भी न ले सके वह आह क्या करे ।

आज अपने देश की यही हालत है । हमारी भी यही हालत है । हमारे प्रान्त बिहार मे आप जाए वहा के हालात को देखें तो आपकी आखो से आसू टपकने लगेंगे । यह वह बिहार है जो महात्मा बुद्ध का है, महावीर का है जो महात्मा गाधी की कर्म भूमि रहा है जो जय प्रकाश जी का बिहार है, राजेन्द्र बाबू का बिहार है । उस बिहार को आज ऐसी दुर्दशा हो रही है कि जिस को मैं बयान नही कर सकता हू । आज से एक साल पहले जब मैं यहा चुन कर आया था उस वक्त हम लोगो ने राजघाट पर जा कर शपथ ली थी कि हम गाधी जी के विचारो को अमली जामा पहनाएगे जय प्रकाश जी की सम्पूर्ण क्रान्ति को लहर का दौडने देंगे, ऐसा वातावरण देश म बनाएगे जिस मे जातीयता न रहे प्रान्तीयता न रहे फिरका परस्ती न रहे साम्प्रदायिकता न रहे आपस म मेलजाल रहे किसी तरह का विवाद न हो और देश का शासन ठीक तरह से चल सके । लोगो ने इलैक्शन के पहले जिस उत्साह जिस प्रेम के साथ हम को जिताया था वह इस तरह से है

मस्जिद तो बना दी शब भर मे ईमान के
हरारत वालो ने
मन अपना पुराना पापी है बरसो में
नमाजी बन न सका ।

एक साल गुजर गया है लेकिन हालत बिगडती चली जा रही है । बिहार आग में जल रहा है । बिहार मे झगडे हो रहे है, गृह कलह हो रहा है लोग मर रहे हैं, राहजनी, डाकेजनी स्त्रियो का शील हरण, कौन कौन सी वारदाते नही हो रही है, मैं कहना नही चाहता हू । मैं चाहता हू यह सरकार कड़ाई के साथ देखे, सुने, सोचे, समझे और जो लोग गलत काम करते हैं उन्हे दड दे । दड कैसा गोली चला कर, लाठी मार कर, अश्रुगैस चला कर ? नही । दड देने का मतलब यह है कि एक ऐसा वातावरण बनाए ताकि लोग आपस में प्रेम से रहें, सद्भावना से रहे, आपस मे मेल मिलाप से रहें और गाधी जी के रास्ते पर चल कर देश को समुन्नत बनाने की कोशिश करे प्रयत्न करे । लेकिन ऐसा नही हो रहा है । मिनिस्टरो के बयान निकलते हैं कि देश में अमन चैन है । लेकिन

मैं साफ तौर से कहना चाहता हू कि बात ऐसी नही है। मैने पहले ही कहा कि— बिहार जल रहा है और अगर बिहार जल गया तो क्या आप समझते हैं कि हिन्दुस्तान बचेगा ? इसलिए बिहार को बचाना हैं तो आपका यह कर्तव्य है कि अगर यह बिहार सरकार का कर्तव्य है तो हमारा भी उस काम मे सहयोग देना धर्म है। गाधी जी के रास्ते पर हम चलें। आपको मै यकीन दिलाना चाहता हू, मैं किसी के ऊपर कोई दोषारोपण करना नही चाहता हू, लेकिन जिस तरह से पुरानी सरकार को लोगो ने एक जुट हो कर उसके खराब कामो के लिए उसको सजा दी और वह सरकार टूट गई और यहा आपकी सरकार बनी, और लोग वही है, हम वही है, आप वही है और अगर कोई भी सरकार जनता की रक्षा नही करती है, जन मानस के कल्याण के लिए कोशिश नही करती है वह सरकार बराबर खतरे में रहती है। लेकिन मुझको उम्मीद है कि इस सदन के नेता, हमारे नेता, आपके नेता माननीय मोरारजी भाई देसाई गाधीवादी है और वे एक ऐसी फिजा तैयार करेंगे कि सारा भारतवर्ष उस फिजा में मशगूल हो जाय और लोगो में जिस तरह का असतोष आया है उसको वह हटा सकेंगे।

साथ ही साथ कहा जाता है कि कीमतें कम हो रही है। हम भी कहते है, और लोग भी कहते हैं कि कीमते कम हो रही हैं। लेकिन जो लोग बिहार से आते है या दूसरी जगहों से आते हैं वह खबर देते है, कहते है कि कीमते कागज पर कम हो गई है, मगर दर हकीकत कीमते कम नही हुई है। जैसे कोयले को ही ले लीजिए। बिहार मे कोयला सब से ज्यादा निकलता है। धनबाद मे, झरिया मे और हजारी बाग मे कोयला निकलता है, लेकिन आपको मालूम है कि वही सबसे ज्यादा महगा कोयला बिहार मे बिकता है और बिक रहा है। आज भी दिल्ली मे कोयला सस्ता है बनिस्बत बिहार के। कारण क्या हैं ? आप सोचें इस पर और अमल करे। हम तो गाधी जी के साथ मे रहने वालों मे से एक थे, काम करने का मौका मिला था और असहयोग मे भी रहे और आज भी इस बुढापे मे 70 वर्ष की उम्र मे हम गाधी के मार्ग से विचलित होने वाले नही है, भले ही इस काम के लिए अपनी मातृभूमि के पादपदमो को अपने रक्त से पखारना पड़े। गाधीवाद के लिए मैं मरूगा, करूगा, और लड़ूगा, लेकिन देश को रसातल मे जाने से रोकने मे समर्थ होऊगा।

मुझको एक कहानी याद आयी, बगावत म मुझे यह सरकार मिली, मगर माफ कीजिए मेरे लम्बे भाषण के लिए और मेरी बोली के लिए, मेरे मुह मे अभी साफ आवाज नही निकलती है, एक साल से मै फालिज मे बीमार हू, एक किस्सा है और वह यह कि जब श्री राम लका जीत कर आये अयोध्या मे राजगद्दी हुई तो उन्होंने अपने सेनापतियों को इनाम इकराम देना शुरू किया। उसी हालत में उन्होंने हनुमान को भी एक बडी बेशकीमती माला दी। माला को ले कर हनुमान ने माला के दाने तोडने शुरू किये। लोगो ने पूछा तुम ऐसा क्यों कर रहे हो ? तो हनुमान ने कहा जिस दाने मे राम नही वह माला हमारे लिए पहनना उचित नही है। उसी तरह से जिस काम मे गाधी नही, जयप्रकाश जी की सम्पूर्ण क्रान्ति की लहर नही, जो सरकार गाधी जी के रास्ते पर नही चलती है उसके साथ मै क्या कहू ? सहयोग दूगा, लडूगा, इनके साथ मरूगा, लेकिन बराबर यह आवाज उठाता रहूगा कि गाधी जी के रास्ते पर चलो उसी मे आपका कल्याण है, देश का कल्याण है और सारे ससार की मानवता का कल्याण है। इन्सानियत इसी मे है और उसी मे हमारी हैवानियत दूर जायगी। इससे ज्यादा मैं कुछ नही कहना चाहता। माननीय वित्त मन्त्री जी श्री पटेल जी बैठे हुए है, उनसे मै कहूगा कि कीमतो को आप कम कराने के लिए प्रयत्न कीजिए। कीमते कम नही होगी तो लोगों मे बेहाली

[श्री महामाया प्रसाद सिंह]

आयेगी, लोगों में तरह तरह की बुरी भावनायें पैदा होंगी ।

एक किस्सा कह कर मैं चुप हो जाऊंगा । हमारे यहां एक दावत हो रही थी, उसमें एक सूरदास गये । हमारे यहां का कायदा यह है कि जब तक दावत में घी न परोसा जाये, तब तक लोग कौर नहीं उठाते, भोजन नहीं शुरू करते । सूरदास के पास बैठे हुए एक आदमी ने उनसे पूछा कि सूरदास तुम खाना क्यों नहीं शुरू करते हो ? सूरदास ने कहा कि घी नहीं आया है । उसने कहा कि घी कड़कड़ा रहा है । उसने कहा कि घटों से मैं कड़कड़ाहट सुन रहा हूं, लेकिन घी हमारी थाली में नहीं आया, हलक के नीचे नहीं गया । तो कीमतें तो आप कहते हैं कम हो गई, तमाम कहते हैं, लेकिन वाकई क्या कीमतें कम हुई हैं ? आप गांव-गांव जा कर, घर-घर जा कर दरयाफ्त करें, लोगों से पूछें, अकेले में, चुप-चोरी जा कर, भेष बदलकर पूछें कि लोगों का क्या हाल है ? लोग यही कहेंगे, जो मैं कह रहा हूं, और कीमतें कम नहीं होंगी । भूख ज्यादा बढ़ती गई, हम गांधी के रास्ते पर नहीं चले तो हमारी दुर्दशा होगी और हमारा भारतवर्ष फिर धूल में मिल जायेगा, मगर जो आशा की किरण दिखाई देती है, वह यह है कि ऐसे लोग इस सदन और मिनिस्ट्री में हैं जो सब का उपकार चाहते हैं ।

एक शब्द मैं और कह देना चाहता हूं । मैं निहायत अदब के साथ आपसे हरिजनों के बारे में अर्ज करूंगा कि इस सदन में फिगर कोट होता है कि इन्दिरा गांधी के वक्त में हरिजनों पर अत्याचार क्या कुछ कम हुआ है, इन्दिरा गांधी के वक्त में बहुत से हरिजन मारे गये, लेकिन क्या आज हरिजन नहीं मारे गये हैं । ठीक है, माननीय मोरारजी देसाई ने कहा था कि अगर इस देश में एक भी हरिजन पामाल किया गया, एक भी हरिजन के ऊपर किसी तरह की आफत आई, तो वह लज्जा की बात होगी, हास्यास्पद है, शर्मनाक है, खतरनाक है और उसे देश को लाभ के ब.ले बहुत विपत्ति का सामना करना पड़ेगा । इसलिए आपस की लड़ाई जातीयता, द्रोह और कीमतों को कम करने के लिए आप कोशिश करें ।

हम सहयोग देने के लिए तैयार हैं, सारा बिहार पुनः आपका साथ देगा । जिस तरह से हमने उस वक्त सारे के सारे लोगों को जिताया, कोई 5 लाख से, कोई 4 लाख से और कोई 3 लाख से जीता, फिर से वह स्थिति आ सकती है, लेकिन जो फिजा आज है, अगर यही रही तो मैं इस हाउस को और सरकार को वार्न कर देना चाहता हूं, एक पुराना खादिम होने के नाते, कि वह हमारा यश अपयश में परिणत हो जायेगा और हम धूल में मिल जायेंगे ।

इन शब्दों के साथ मैं आपको पुनः धन्यवाद देता हूं, कृतज्ञता अर्पित करता हूं और माफी चाहता हूं कि अपनी बोली की वजह से मैं खड़ा हो कर नहीं बोल सका, बैठकर बोल रहा हूं । फिर कभी वक्त आयेगा, आपकी सेवा में हाजिर हो कर यह खादिम अपनी तकरीर करेगा ।

श्री राम देनी राम (पलामू) : आदरणीय उपाध्यक्ष जी, हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर ने फाइनेन्स बिल को मूव किया है, मैं उसका तहेदिल से समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं ।

हमारे वित्त मंत्री न केवल वित्त मंत्री हैं, बल्कि इनका वित्त के मामले में व्यावहारिक ज्ञान भी है और मैं समझता हूं कि यह भारत की नब्ज को पहचानेंगे । इसी आशा के साथ मैं अपनी कुछ बातें आपके माध्यम से सरकार के सामने रखना चाहता हूं ।

उपाध्यक्ष जी, आज कम-से-कम 15 बरस से मैं देख रहा हूं लेकिन अभी तक मैंड

रिफार्म्स आगे नही पढ़ पा रहा है इसका का क्या कारण है ? पिछली सरकार ने जो किया, उसका तो उस ने फल पाया । लेकिन मौजदा सरकार की लैंड रिफाम्र्ज की क्या पालिसी है, यह स्पष्ट होना चाहिए । हम और आप गांधी जी की रहनुमाई मे बराबर यह नारा देते थे कि लैंड शुड गो टु दि टिलर क्या हम उससे विमुख हो रहे है ? अभी माननीय महामाया बाबू ने—उन्होंने गांधियन फ़िलासफ़ी के अनुसार देश की सेवा की है—अपने विचार रखे है और मंत्री महोदय उन के हृदय की भावना को समझ गये होंगे । लैंड रिफाम्र्ज न करने से केवल किसानों का ही नुकसान नही हो रहा है बल्कि गवर्नमेंट का भी बहुत बडा नुकसान हो रहा है । एक तरफ जमीन मालिक समझते है कि हमारी जमीन जाने वाली है और दूसरी तरफ भूमिहीन समझते है कि हमे भूमि मिलने वाली है ।

यही वजह है कि आज जमीन-मालिक एग्रीकल्चर का काम कामर्शल ढंग से नही कर रहे है और वे उस मे पूजी नही लगा रहे हैं । क्या इससे केवल जनता को नुक्सान हो रहा है ? इससे सरकार का भी बहुत बड़ा नुक्सान हो रहा है । इसलिए मै चाहता हूं कि सरकार एक निश्चित समय तय, फिक्स, करे, और उस के अन्दर ही लैंड रिफ़ाम्र्ज लैंडसीलिंग और कानसालिडेशन आफ होल्डिंग्ज कर दे । उसके बाद ही वह कृषि मे पूजी लगाये । अगर वह यह कार्यवाही किये बिना पूजी लगायेगी, तो, इस देश में पिछले तीस वर्ष की आजादी के दौरान जिस तरह ग़रीब और गरीब होते चले गये है और अमीर और अमीर होते चले गये है, उसकी फिर पुनरावृत्ति होगी । इसलिए मेरा सादर अनुरोध है कि सरकार सब से पहले लैंड रिफ़ाम्र्ज करे और तब किसानों की मदद करना शुरू करे । यह ठीक है कि जमीन पर पूजी लगाने की आवश्यकता है, लेकिन लैंड रिफ़ाम्र्ज किये बिना पूजी लगाना व्यर्थ हो जायेगा ।

हमारे जिले मे नार्थ कोयल, औरंगा, अमानत, तहले और मलये नदियों को एक इनटेग्रेटिड प्लान मान कर नार्थ कोयल डैम सैक्शन किया गया था, जिसे कुटकू डैम भी कहते है । यह तय किया गया था कि उस डैम को फिफ्थ फाइव यीयर प्लान के अन्त तक पूरा कर दिया जायेगा । उस के प्रिलिमिनरी वर्क के लिए कुछ पैसे मिले है, लेकिन अभी तक डैम की शुरुआत भी नही हुई है, उस की बुनियाद भी नही पडी है । मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह इस बहुत बडे डैम के लिए काफी एलाटमेंट दे । हमारा पलामू जिला सदियो मे रेन-शैडो एरिया मे पडा हुआ है और वह विश्व भर मे सब से अधिक सुखाड और अकाल का जिला रहा है । इसलिए मंत्री महोदय विशेष कृपा कर के इस योजना के लिए एलाटमेंट दे । अगर यह योजना पूरी हो जायेगी तो यह जिला अन्न के मामले मे निश्चित रूप से दूसरे जिलों का मोहताज नही रहेगा ।

पलामू जिला बिहार का सब से पिछडा हुआ इलाका है । वह छोटा नागपुर के पठारी इलाके मे पडता है, जिस में काफ़ी अधिक संख्या मे हरिजन और आदिवासी रहते है । मै अनुरोध करता हूं कि इस स्कीम को जल्दी से जल्दी पूरा कर दिया जाये ।

यह बजट 15,000 करोड रुपये का है, लेकिन इस मे वैलफेयर के लिए केवल 125 करोड रुपया रखा गया है, जो पूरे बजट के 1 परसेंट से भी कम है । यह क्या साबित करता है ? आखिर यह सरकार हिन्दुस्तान के सर्वहारा हरिजनो और आदिवासियो के साथ क्या व्यवहार करना चाहती है ? यह तो भिक्षा के बराबर है ।

उपाध्यक्ष जी, डा० अम्बेडकर ने सेपरेट इलेक्टोरेट की जब माग की थी, तो गांधी जी के जीवन की रक्षा के लिए उसे उन्होंने

[श्री राम देनी राम]

वापस लिया था। उस वक्त गाधी जी ने क्या कहा था, वह मैं आप को पढ कर सुनाता हू

"I will get Swaraj and your right will be writt n in golden letters in the Constitution that we are going to frame for this country"

और उस का परिणाम आजादी मिलने के बाद हमे यह मिला है। यह प्रेजेन्ट सरकार का कारनामा नही है। मैं थोडा सा पीछे की ओर ले जाना चाहता हू ताकि उस से आप सबक ले। 30 वर्षों की आजादी के बाद आप जानते हैं कि हरिजनो के क्लास 1 पोस्टो मे सिर्फ डेढ़ प्रतिशत लोग है और दूसरो मे 4 5 प्रतिशत और एग्रीकल्चर लेबर मे 1951 मे जब कि 27 5 मिलियन लोग थे 1961 मे 33 5 मिलियन और 1971 मे 47 5 मिलियन थे इस तरह से यह सख्या बढो है और मै चाहता हू कि इस से अब आगे नही बढना चाहिए। इस से कम होनी चाहिए। यही मेरा आप से अनुरोध है।

जहा तक एट्रासिटीज का मामला है, इस मे शक नही है कि अगर इस चीज को माइनस कर दिया जाए, हरिजन एट्रोसिटीज और लोगो पर जो अत्याचार होते है, उन को माइनस कर दिया जाए तो इस प्रजेन्ट गवनमेट ने पिछली गवनमेट के मुकाबले मे डेफिनीटली बहुत अच्छा काम किया है और यह बहुत अच्छी गवर्नमेंट है लेकिन यह एक ऐसी चीज हैं जैसे कि पूरा भोजन बना कर रखे और उस मे एक मक्खी पड जाए, तो उस भोजन को खा नही सकते। इसलिए इस से आप को सबक लेना चाहिए। मार्च, 1977 से नवम्बर, 1977 तक 215 मर्डर हुए, यह गवनमेट की रिपोट है और एक क्वश्चयन के माध्यम से मै फीगर्स दिये गये हैं। रेप्स के 166 केसेज हैं। इतना ही नही हम बिहार की ओर आप का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। जूडिशियल मजिस्ट्रेट शेड्यल्ड कास्ट के लिए 96 रिजर्व किये गये थे लेकिन 69 ही हैं। शेड्यल्ड कास्ट के लिए 50 थे लेकिन केवल 27 बहाल हुए। यह हमारी पिछली सरकार की प्रोग्रेस है। इतना ही नही वैलफेयर के माध्यम से पर कैपिटा शेड्यल्ड कास्ट पर 69 पैसे खर्च हुए है पर इधर और शेड्यल्ड ट्राइब्स पर 2 19 रुपये खर्च हुए है। ये सारी चीजे क्या बताती हैं और इसी तरह से शिक्षा और बेराजगारी की हालत है, बधुआ मजदूर और लैंडलेस लेबर की हालत है।

15.38 hrs.

[SHRI M. SATYANARAYAN RAO *in the chair*]

तिलक जी ने कहा था कि स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। यह उन्होने नारा दिया था और आज यह स्वराज्य सचमुच मे किसको मिला है। जो सर्वहारा वर्ग है, उस का इस तरह की आजादी मिली है कि जिस के तहत वह पहले गुलाम था, आज भी उसी के तहत है। इसलिये मैं आप के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हू कि जितनी जल्दी से जल्दी हो सके, उन को आप मुक्ति दिलाये। यह ऐसी आग है जिस आग की लपेट मे सारा देश जा सकता है और उस आग को बुझाना मुश्किल होगा। अगर किसी घर मे आग लग जाए, और आप यह कहे कि थोडा थोडा पानी लाओ, तो उस से काम चलने वाला नहीं है। इसलिए मेरा आप से अनुरोध है कि आप इन सारी बातो को ध्यान मे रखे।

एक चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि जो हरिजनो की लिस्ट है, शेड्यल्ड कास्ट्स के लोगो की लिस्ट है, उस के सम्बन्ध मे मैं विशेष तौर पर आप का ध्यान बिहार मे हजारी बाग जिले की ओर दिलाना चाहता हू। वहां भुइयां जाति के लोगो को अनसूचित जाति की लिस्ट मे नही दिखाया गया है जबकि उस की बगल से पलामू जिले मे उस को अनुसूचित जाति की लिस्ट में दिखाया गया है। हजारी बाग मे उस को बेकवर्ड क्लासेज के

दिखाया गया है । अगर हजारी बाग की भुइयां जाति की लड़की की शादी पलामू में होती है, तो वह वहां जा कर हरिजन हो जाती है और पलामू की लड़की की शादी हो कर हजारी बाग में आती है, तो बैकवर्ड बन जाती है यह कहां का न्याय है । मैं आप से अनुरोध करूंगा कि इस विसंगति को दूर किया जाए ।

काका कालेलकर कमीशन ने, मुंगेरीलाल कमीशन ने ये सारी बातें बतायी हैं । लेकिन पता नही अभी तक सरकार क्यों ध्यान नही दे रही है ? सरकार का ध्यान मैं एक बात की ओर दिलाना चाहता हूं । गुरु नानक जयन्ती, महावीर जयन्ती, गांधी जयन्ती के अवसर पर जेल के कैदियों को जेल से रिहा किया जाता है । मै सरकार से पूछना चाहता हूं कि वह आदिवासी और हरिजन कैदियों को इस अवसर पर जेल से क्यों नही रिलीज करती है ? अगर उन को छोड़ा जायेगा तो उन का भी सुधार होगा बहुत सारे लोग तो जुर्मों में गलत तरीके से फंसाये जाते है। मिसाल के तौर पर, सभापति महोदय मैं एक केस बताना चाहता हूं। 22 वर्ष का एक नौजवान जब कालेज से घर आया और आकर अपने घर पर देखा कि लोग उसकी बहिन की बेइज्जती करने पर उतारू है तो लड़के से बर्दाश्त नही हुआ और वह लड़का आपे से बाहर हो गया । उसमें उससे हत्या हो गयी । वह जेलों में सड़ता रहा, कोई उस की जमानत देने वाला नहीं मिला । जब मुंगेरीलाल कमीशन वहां गया तो उसने वैरीफाई कर के गवर्नमेंट को सब बात की जानकारी दी । उसके बाद ही वह छूट सका । इस तरह की एक नहीं अनेकों घटनायें हैं जिसमें नाजायज तरीके से हरिजन और आदिवासी लोग फंस जाते हैं । मेरे जिले पलामू के थाना पाटन, गांव सगुणा का एक रामलखन पासवान टीचर का काम करता था । वहां मर्डर हुआ और उस को बीस वर्ष की सजा हो गयी । उसका कोई मां-बाप या अन्य पैरवी करने वाला नहीं था । वह भी जेलों में सड़ रहा है । इसलिये मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि रेमीशन वाले कैदियों में हरिजन और आदिवासी लोगों को भी रिलीज किया जाए ।

सभापति महोदय, मैं सरकार से कहता हूं कि सचमुच में बिहार आप का है, बिहार की तरफ से आप उदास न हों । पिछली सरकार ने बिहार को जो दिया, उसको सारा बिहार जानता है । यह भी बिहार जानता है कि पिछली सरकार के शासन में बिहार मे कितने जुर्म हुए और कितने लोगों को गोलियों से मारा गया । बिहार के गांव-गाव मैं जा कर देखा जा सकता है कि किस कदर लोगों का केवल मजदूरी के लिए कत्ल किया गया । ऐसी स्थिति मे बिहार आज आप पर आशा लगाये हुए बैठा है । सारे बिहार की आशा आप की तरफ लगी हुई है । मैं आपको दावे के साथ कहता हूं कि बिहार की स्थिति अच्छी नही है । आप बिहार की तरफ देखें और बिहार की उन्नति करें । बिहार आप का है । इन शब्दो के साथ मै अपना कथन समाप्त करता हूं ।

SHRI G. M. BANATWALLA (Ponnani) : Mr. Chairman, Sir, a close scrutiny of the fiscal policy, as it emerges from the Finance Bill, as also the past achievement, reveals a very painful fact, namely, that the social goals and objectives have been neglected. When the Finance Minister made his proposals with respect to direct taxes last year, he took the credit for emphasising that his proposals were for the purpose of strengthening the redistributive role that direct taxes must be made to play. Then he claimed that he had tried to raise Rs. 92 crores through direct taxes. It is one thing to make a claim and another to show a performance with respect thereto. There is an unfortunate gap between the proposals and the performance which shows how the redistributive role of taxes has been ignored.

According to the data given to us in the Explanatory Memorandum of the Budget for 1978-79, the total of the revised estimates of collections from corporation tax, income-tax and wealth tax amounts to Rs. 3,250 crores. This is as much as Rs. 41.32 crores lower than the targets. So, with respect to the claim made last year, we find that the performance did

[Shri G.M. Banatwalla]

not come up to the target. It was merely a tall claim about the red is tributive role of taxation policy.

This compares very unfavourably with the past record. During 1976-77, the actual collection was higher by as much as Rs. 205·09 crores than the Budget estimates. So, during the last year as compared to the years previous to that, the performance with respect to the redistributive role of taxation policy has been not satisfactory and up to the target.

Take the measures for promoting investment. Nobody would quarrel with the need for increasing investment, but my specific charge is that the socio-economic goals of investment have been neglected. The Janata Party's Economic Policy Resolution issued in 1977 had said :

> "Fiscal concessions such as development rebates and investment allowances which are in operation today must be reviewed by the Government with a view to promoting labour-intensive industries and discourage wasteful use of capital."

Here we have the investment policy with a view to stimulate investment in equity shares of new industrial companies. The Bill has provided for the grant of tax concessions for that purpose. Unfortunately, however, no distinction has been made between high priority and low priority goods. There ought to have been a distinction between investment in the production of high priority goods as compared with investment in the production of low priority goods, but this socio-economic goal in giving investment allowances has been neglected by the Government. If past experience is any guide, it is the companies engaged in the production of non-essential or low priority goods which will benefit by these proposed tax incentives for investment. I must, therefore, draw the attention of the Government to the need for having a socio-economic goal in matters of policy for stimulating investment. There must be a distinction between high priority and low priority goods, and our investment policy should be such as to stimulate investment in the producion of high priority goods as compared with the production of low priority goods.

Further, Sir, we find another interesting feature as far as the other items are concerned. It must be recognised that Indian industries are faced with the twin problems of wasteful use of capital (which I have already pointed out) and declining labour intensity. In an economy where there is abundance of labour, even skilled labour, the fiscal policy should be such as to promote more employment of labour and discourage more employment of capital. In other words, the fiscal policy should be oriented towards securing labour intensity in our industry. Unfortunately, however, the withdrawal of tax on interest income of banks and lowering of interest rates are capital intensive in nature rather than labour intensive. When these interest rates are lowered, when the tax on the interest income of banks is withdrawn, what is the economic significance of the same ? We find that the cost of capital is reduced and when the cost of capital is reduced, we have a picture of industry where capital intensity is promoted. A claim, I understand, is being made that this withdrawal of tax on the interest income of banks will secure a reduction in prices. But it is quite well known that interest is too insignificant a factor in the prices. It is really not the prices which are sought to be reduced by this Government but it is the cost of capital that is sought to be reduced for the benefit of the large investors and the capitalists by this Government. I, therefore, say that this policy of the Government which reflects capital intensity as compared to labour intensity, is anti-labour in character.

Sir, not only is the fixed policy anti-labour in character but we find the commonman is very badly hit. This is quite obvious from the cruel increase in the excise duty. It is a well known fact that it is the indirect taxes which are inflationary in character. The increase in excise duty is bound to create inflationary conditions and will serve as cost increasing. This increase in excise duty must be reviewed in its proper perspective. What is the present stark reality with respect to the economic situation in India ? The point is that even at present 60 per cent of the central revenue from indirect taxes comes from those whose monthly expenditure is less than Rs. 100/-. When it is so, when such is the stark reality of the economic situation that we have, it is condemnable that the Government comes foward with such a cruel increase in the excise duties. This is especially so with respect to the increase in the excise duties on electricity and coal. Other speakers have already referred to it. I would, therefore, not repeat. I would only say that we are totally opposed to this excise duty on electricity and also on coal which is all inflationary in character and anti-*Janata*. It is unfortunate that the policy of the Janata Government is both anti-labour and also anti *Janata*, as I have been trying to place before the House.

The hike in excise duty is very shocking. At present, we have recession. In the face of recession, an increase in excise duty is nothing but a distortion, a serious contradiction, in the economic situation and the economic policy.

A provision has been made for disallowance of a part of the expenditure on advertisement, publicity and sales promotion. The hon Finance Minister has been kind enough to declare certain relief in this matter. I am, however, totally opposed to the entire proposal that has been made. It will hit hard an important sector of our economy, namely, publicity which is an essential ingredient in the Indian economy. However, I reserve my comments on this particular aspect of the whole matter because I have also an amendment to move and I will take it up at that stage.

When we consider all these aspects we are rather pained at the entire fiscal policy that emerges out of the Finance Bill. I have also to draw the attention of the hon. Finance Minister to an important sector of our economy which is rather neglected and feels the pinch of the present economic position, that is, an increase in the yarn prices which has hit hard and brought about a crisis both in the handloom and the powerloom industry. Their case needs to be considered sympathetically and, I hope, the Government will consider the miserable plight and the crisis faced by both the handloom and the powerloom Industry.

With these words, I conclude.

श्री चन्द्रपाल सिंह (अमरोहा) : अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया। जो माननीय मंत्री जी ने फाइनेन्स बिल प्रस्तुत किया है, उसका समर्थन करने के लिए मैं बोलने खड़ा हुआ हूं।

थोड़ा-सा हम पहले की तरफ विचार कर लें। आज हमारी सरकार नेकनीयती से सारे देश की आर्थिक समस्याओं को हल करना चाहती है और देश की तरक्की करना चाहती है। सबसे बड़ी बात देखने की यह है कि जितना पैसा जहां लगने की बात है, वह सही रूप में लगे, उसके लिए सरकार का सुदृढ़ और सक्षम होना बहुत आवश्यक है, उसमें एकरूपता होनी बहुत आवश्यक है। इसकी हमें आज कमी महसूस हो रही है। उसके लिए दिन-रात पार्लियामेंट में भी और बाहर भी चर्चा रहती है। विरोधी दल के

लोग करें तो करें, लेकिन विशेष रूप से सरकारी पक्ष के लोग, जो अपने सदस्य हैं वह भी यही चर्चा करते हैं कि सरकार की यह कमी है। हरिजन समस्या बड़े जोर से उठाई हुई है।

अगर हम गहराई मे आयेंगे, तो हम देखेंगे कि यह कोई नई समस्या नहीं है। यह कई सौ बरस पुरानी समस्या है, जो एक साल मे हल नहीं हो सकती है। इस समस्या को समाचारपत्रों और माननीय सदस्यों ने जिस रूप मे प्रस्तुत किया है, वह बहुत अतिरंजित है। जिस तरह की समस्या को लोग प्रदर्शित कर रहे है, वह कही नहीं है। मैं समझता हूं कि जिस ढंग से इस समस्या का प्रदर्शन किया जा रहा है, वह एन्टी-नेशनल, राष्ट्र-विरोधी, है, और देश के लिये बहुत घातक है। इस का प्रभाव सरकार पर पडता है। आज सरकार, अधिकारियों और जनता मे जो उदासीनता है उस का सब से बड़ा कारण यह है कि हमारे देश में इस तरह का प्रचार चल रहा है। सरकार इस ओर विशेष ध्यान दे और जो तत्व इस मे लगे हुए है, वह उन के बारे मे सजग हो।

जनता पार्टी ने अपने इलैक्शन मैनिफेस्टो मे यह घोषणा की थी कि बजट का 40 फीसदी भाग ग्रामों के विकास के लिये रखा जायेगा। सरकार ने इस के लिये प्रयास किया है, लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि यह धनराशि ग्राम विकास योजनाओं के लिए सही ढंग से खर्च की जानी चाहिए। आज सब से जरूरी काम ग्राम विकास है। अगर हम ग्राम विकास करेंगे, तो देश आगे बढ़ेगा। ग्राम विकास मे सब से बड़ी आवश्यकता यातायात की है। इन्दिरा सरकार ने क्रैश प्रोग्राम के नाम पर हर एक पार्लियामेंट के मेम्बर के लिए, उसके पार्लियामेंट्री हल्के मे सड़क बनाने के लिये

[श्री चन्द्रपाल सिंह]

कोटा निर्धारित कर दिया था। उसी प्रकार सरकार को हर एक पार्लियामेंट के सदस्य के लिए यह निश्चित कर देना चाहिए कि अपने क्षेत्र से वह आठ या दस किलोमीटर सड़क बनवाये। इस से देश का उद्धार और प्रगति हो सकती है। यातायात के मामले में सारा देश पिछड़ा हुआ है। लोग एक स्थान से दूसरे स्थान नहीं जा सकते हैं, दवाई की व्यवस्था नहीं कर सकते हैं, अपनी खेती की सही पैदावार नहीं प्राप्त कर सकते हैं। कहा जाता है कि दुनिया बहुत छोटी हो गई है। इसलिए सड़कों के निर्माण की तरफ विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

किसानों को उन की पैदावार की सही कीमत दिलाना बहुत आवश्यक है। अभी तक उस की बहुत उपेक्षा होती रही है। उस की ओर सरकार का ध्यान बहुत ईमानदारी के साथ जाना चाहिए। यह भी देखना चाहिए कि क्या सरकार द्वारा घोषित नीतियों का कार्यान्वयन ठीक ढंग से हो रहा है। सरकार जो कुछ कहती है, उस पर अमल बहुत देर से होता है। जैसे, सरकार ने गुड़ के एक्सपोर्ट का ऐलान कर दिया लेकिन जिस समय यह काम होना चाहिए था वह उस समय नहीं हुआ, उसके बहुत बाद में हुआ। इस ढील का जनता पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए सरकार द्वारा अपनी नीतियों का सुदृढ़ कार्यान्वयन जरूरी है। इस बजट का पैसा जहां लगाना चाहिए, अगर हम उसको वहां सुदृढ़ता, ईमानदारी और सख्ती से लगायेंगे तो हमारा देश आगे बढ़ेगा।

आज हमारी शिक्षा में बड़ी असमानता है। बड़े बड़े लोगों के बच्चे बड़े स्कूलों में पढ़ते हैं और जिन स्कूलों में गरीब बच्चे पढ़ते हैं, वहां बैठने के लिये टाट भी नहीं है। आज देश में जो खराब वातावरण बना हुआ है, उस में शिक्षा की बहुत बड़ी भूमिका है। आज हमारे समाज में जो भेदभाव बना हुआ है, उस को तोड़ने के लिये शिक्षा के अन्तर को समाप्त करना होगा। पैसे वाले बड़े लोगों के स्कूलों और बहुत गरीब लोगों के स्कूलों में, हमारी शिक्षा में, जो अन्तर हो गया है, सरकार को उसे दूर करने का प्रयास करना होगा।

जहां तक अफसर शाही का सम्बन्ध है, आज हमारे अफसरों में उदासीनता फैली हुई है। हमें उन का विश्वास प्राप्त करना चाहिए। इमर्जेन्सी के बाद जब हम लोग जीत कर आये, तो हमें अफसरों पर जिस तरह सख्ती करनी चाहिए थी, वह हम नहीं कर पाये। लेकिन आज हमें यह समझना चाहिए कि सरकार की गतिविधियां और योजनाएं अफसरों का विश्वास किये बिना नहीं बढ़ सकती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम उन का विश्वास प्राप्त करें।

16.00 hrs.

दूसरी एक और बात जो मैं कहना चाहूंगा वह सीमाबन्दी की बात है। एक बड़ी बात यह होती रहती है कि "सीमाबन्दी, सीमाबन्दी" इस से जमीन पर जो काम करने वाले हैं, उन के मन में दिन रात यही शंका रहती है, कि जमीन जायगी या रहेगी। मेरा कहना यह है कि सरकार इस को अन्तिम रूप दे और पांच, सात साल के लिये ऐलान कर दे कि अब सीमाबन्दी नहीं होगी, तो उस बात का कुछ असर होगा, कुछ प्रभाव होगा। हम इस बात का स्वागत करते हैं, कि जिन के पास ज्यादा जमीन है, उस का सरकार ले ले। सरकार को इस का पता है और सरकार का उसे ले कर जो भी भूमिहीन हो, उन को दे दे या जिन का वह देना चाहती है, उन को दे दे।

एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि लोगों के दिमाग में यह बात है कि शहर

की तरफ भी सरकार देखे । शहरो में जिन के पास ज्यादा जायदाद है, ज्यादा जमीन है, जिन के पास बडे बडे मकान हैं, जिन के पास बडे बडे व्यवसाय हैं उन की सीमाबन्दी की तरफ भी आप का ध्यान जाना चाहिए । आप छोटी जमीन की बात करते है लेकिन जिन के पास बडी बडी जायदादें है, जहा से आप को यह मिल सकती है, उन की तरफ भी आप देखें । किसान तो दिन रात मेहनत करता है मेहनत का काम करता है और अपने हाथ से काम करता है, तब जा कर वह कमाई करता है और चाहता है कि उसे पैसा मिले उस की ज्यादा तरक्की हो । सभी चाहते है कि उन को ज्यादा पैसा मिले और उन की तरक्की हो । तो वह भी क्यो नही चाहेगा । इन सब बातो को देखते हुए आप को जमीन की सीमाबन्दी के बारे मे सोचना चाहिए ।

अगली बात मै यह कहना चाहूगा कि इमर्जेन्सी के बाद भी बहुत से ऐसे लोग पडे हुए है, जो कि पुलिस विभाग मे और दूसरे विभागो में भी है, जिन के ऊपर अत्याचार हुए है । उन को बहुत से दूसरे विभागो मे फेंक दिया गया है सी० आई० डी०, सी० बी० आई० और इस तरह के और विभाग हैं, जिन मे वे अच्छा काम कर सकते हैं । उनको वापस लेना चाहिये ताकि उन के साथ न्याय हो । जो अच्छे दिमाग के लाग है, उन को हमे मौका देना चाहिए जिस से सरकार अच्छा काम कर सके । लघु उद्योगो की जा बात सरकार ने कही है, उस के लिए भी सरकार को पूरे दिमाग से काम करना चाहिए । सरकार ने जो नेकनीयती मे काम करने की बात कही है, उस पर वह चलेगी तो देश आगे बढ़ेगा और मे आशा करता हू कि सरकार अपने इस इरादे मे सफल होगी क्योकि अगर जनता सरकार चली जाती है तो देश में अशान्ति की बात होगी और प्रजातन्त्र अधकार मे होगा । मैं इस विश्वास का ले कर चलता हू कि सरकार ठीक काम करेगी ।

इन शब्दो के साथ मैं समाप्त करता हू ।

श्री कुंवर महमूद अली खां : (हापुड) : सभापति महोदय, मैं आप का आभारी हू कि आप ने मुझे इस समय बोलने का मौका दिया । मै फाइनेन्स मिनिस्टर साहब के बिल का समर्थन करने के लिए खडा हुआ हू ।

मै ने बहुत सी तकरीरे सुनी यहा पर और मैं इस नतीजे पर पहुचा हू कि बीमारी कुछ है और उस की दवा कुछ और है । इस के लिए हमे थोडा भारतवर्ष की हिस्ट्री का देखना हैं । मुगल यहा पर आये, उस के बाद अंग्रेज आये, फिर उस के बाद कांग्रेस आई और अब कांग्रेस के बाद जनता पार्टी आई है । मुगलो के जमाने मे जो सिस्टम था, वह जागीरदारी का सिस्टम था जिस म देहातो को बिल्कुल निगलेक्ट किया गया था । तीस-हजारी, दस हजारी और हफ्त-हजारी, ऐसी जागीरदारिया थी और बाकी रियाया कहलाती थी, उस के साथ जानवरो जैसा बर्ताव किया जाता था । उस के बाद अंग्रेज आए और अंग्रेजो का भी करीब करीब वही निजाम था । उन का निजाम इम्पीरियेलिज्म था और एक पुलिस स्टेट थी । जिस तरह मे पुलिस स्टेट चलती है उसी तरह मे उन्होने चलाया और उस मे भी खास खास लोगो को राय बहादुर, खान बहादुर बनाया क्योंकि उस जमाने मे सनअतकारी नही थी । वह जागीरदारी सिस्टम का निजाम रहा है । उसके बाद तीस साल तक कांग्रेस का निजाम नाफिज रहा । अंग्रेज चले गये लेकिन उनका बनाया हुआ इन्तजामी ढाचा, मशीनरी, ब्योरोक्रेसी वही रही । यही नही, जो कानून सूबो मे बने थे, सेन्टर में बने थे, उन सब को भी ज्यो का त्यो अडाप्ट कर लिया गया । इस तरह से वही मशीनरी और अफसरशाही, वही खयालात चलते चले आ रहे है ।

जवाहरलाल जी ने समाजवाद का नारा लगाया, वेल्फेअर स्टेट का नारा लगाया कि समाजवाद हिन्दुस्तान मे होगा और हिन्दुस्तान एक वेल्फेअर स्टेट होगा । क्या

[श्री कुंवर महमूद अली खां]

यह वेलफेयर स्टेट है ? क्या यह समाजवाद है ? बिल्कुल नही है। क्योंकि एक आदमी जमीन पर सोता है और एक आदमी को नींद लाने के लिए इजेक्शन दिया जाता है तब जाकर वह महलो मे सो पाता है। इतना बडा फर्क है। क्या इसे वेल्फेयर स्टेट कहा जा सकता है ? नही। यह एक धोखा है। इस बारे में मुझे एक शेर याद आ गया--

आ बताऊ तुझको रमजे आये इनल मलूक
सल्तनत अवा मे गालिब की है एक जादूगरी।
देवे इस्तबदाद जम्हूरी कबा मे पाए काब
और तू समझा है आजादी की यह नीलम परी।
नस्ले कौमियत कलीखा सल्तनत तहजीबो रंग
खाजगी न खूब चुनचुन कर बनाये मुस्करान।
कटभरा नादा ख्याली देवताओ के लिए
मुक्र की लज्जत में तू लुटवा गया नक्दे हयात।

अग्रेज ने हिन्दू और मुसलमानो के नाम पर यहा पर लडाया, उसके बाद काग्रेस आयी। उसने दो टुकडे ही नही किये बल्कि और भी बुरी तरह से भारतवर्ष के निवासियो को लडाया, तकसीम किया। इससे हैरत होती है, ताज्जब होता है। तू शहर का आदमी है, तू देहात का आदमी है, तू छोटा किसान है, यह बडा किसान है, तू मारजिनल फार्मर है, यह लेण्डलेस लेबरर है, तू हरिजन है, यह मुसलमान है तू बेकवर्ड क्लास का है, यह यह है, वह वह है। भारतवर्ष के इसानों को कितने कावेखानो में बाट रखा है। सभापति महोदय, आज मैं इस सदन मे एलान करता हू कि भारतवर्ष मे सिर्फ दो कौम रहती हैं--अमीर और गरीब। इसके अलावा कोई कौम नही है। यह जो जात-पात का मामला है, यह शादी-ब्याह के लिए हो सकता है, नमाज पढनी हो या मदिर जाना हो तो हो सकता है, गिर्जे मे जाने के लिए हो सकता है लेकिन वैसे हम भारतवासी सब एक है और एक रहेंगे। हम भूखे रहेंगे तो सब भूखे रहेंगे, हम पेट भरेंगे तो सब पेट भरेंगे। हमें बराबर बहकाया जाता रहा है। यह देश मे समाजवाद है, यह हमारी वेल्फेयर स्टेट है। हमें उसी तरह से लडाया जाता रहा है जिस तरह से अग्रेज हमे लडाता था। काग्रेस ने भी हमे चन्द वोट हासिल करने के लिए, शासन करने के लिए, लीडरी हासिल करने के लिए हमे लडाया है और बेगुनाह इसानो का खून बहाया है। यह अच्छी बात नही है।

तमीजे बन्दो आका फमादे आदमियत है
हजर ए चीरा दस्ता सख्त है फितरत की
ताजीरे है।

अगर इसी तरह से लडाया जाएगा, कुछ लोगो का गुलाम बनाया जाएगा और दूसरो को बादशाह बनाया जाएगा तो काम चलने वाला नही है। हमे यह देखना होगा कि किस तरह से समाजवाद आ सकता है, किस तरह से वेल्फेयर स्टेट हमारा मुल्क बन सका है। हमे इस मामले से सख्ती से कदम उठाने होंगे। हमे भारतवर्ष के तमाम इसानों को एक फेमिली की तरह से ट्रीट करना होगा, एक खानदान के आदमी की तरह से उन्हें मानना होगा। चाहे वह शहर का आदमी है, देहात का है, चाहे हिन्दू है, मुसलमान है, किसी जाति या धर्म का हो, इसको हमे एक मानना होगा। समाजवाद लाने के लिए हमे इनकम पर, एक्सपेंडीचर पर सीलिंग लगानी होगी। हमे अरबन सीलिंग करनी होगी, गावो की जमीन का हिसाब लगा कर सीलिंग करनी होगी शहरो मे जमीन की सीलिंग और इनकम की सीलिंग करनी होगी। अजीब तमाशा है कि 80 फीसदी आदमियो को जो गावो मे रहते हैं उन्हें गरीब ही रखा जाए और शहरो मे जो थोडे से लोग रहते हैं उनकी आसाइस के लिए हम सारी चीजें करें। कितने अफसोस और शर्म की बात है, इस तरह से यह हिन्दुस्तान चलने वाला नही है। जो राज है वह आउट हो चुका है, चीजें सामने आ चुकी हैं। हरिजनो को लडाया जाता है

किसानों से । हम कहते हैं कि सब चीज बांट दो, जमीन भी बांट दो, दौलत भी बाट दो । लाइसैंस और परमिट भी बाट दो, प्रापर्टी और दौलत भी बाट दो । जो दौलत दिखाई नही देती है वह भी बाट दो । इसमे क्या दिक्कत है ? आज तो सारा जोर सीधे सादे तौर पर लैंड सीलिंग पर ही दिया जाता है । यह कहा जाता है कि गावो मे ब्लैक मनी है । वहा दौलत बहुत ज्यादा हो गई है । लेकिन मैं पूछना चाहता हू कि किसान को अगर कुछ ज्यादा पैसा मिल जाता है तो जो आप कहते है कि इससे इनफ्लेशन हो जाएगा, क्या वाकई मे ऐसा होगा ? यह जो दलील दी जाती है इसको तो मै कहूगा कि वाह क्या कहने ? किसान के पास पैसा आता है तो वह उसको शहर मे लाता है, उससे मशीन खरीदता है, ईंट सीमेंट खरीदता है । खेतो की पैदावार बढाने मे वह इसका इस्तेमाल करेगा । कहा यह पैसे को ले जाएगा । ब्लैक मनी उसके पास नही है । यह जो पैरेलल इकोनोमी की बात की जाती है, ब्लैक मनी की, यह सब पूजीपति लोगो के पास है, इडस्ट्री मे बिजनैस मे है । माल कही और है और लडाई किस बात पर हो रही है । यह तो वैसी ही बात है जैसे कुत्ता किसी हड्डी को चिचोडता है और उसके मुह मे से खून निकलता है और वह समझ बैठता है कि मजा आ रहा है । माल कही और है लेकिन कहा जाता है कि दौलत देहात मे है । देहात मे किसान भूखा मर रहा है । हर किसान कोआप्रेटिव सोसाइटी का या बैंक का कर्जदार है । देहातो मे आपने क्या सहूलियत दी है ? वहा सडकें नही है पीने का पानी नही है, बीमार पड जाए तो दवा का इन्तजाम नही है, अस्पताल नही है, कुछ भी नहीं है । मच्छर वहां बेहिसाब हैं । गावो में आराम से सोया तक नही जा सकता है वहां बिजली नही, अधेरा है । दिल्ली में कैसा मजा आता है यह रात को हम देखते हैं । खूब मजा आता है । असल मे धोखेबाजी में हमें नहीं रहना चाहिये बल्कि साफ-साफ बात होनी चाहिये, मिसलीडिंग बात नही होनी चाहिये । गरीब इसानो को आपस मे लडाना नही चाहिये ।

आजकल रिजर्वेशन का सवाल चल रहा है देश मे । हवा इसको ले कर बहुत गर्म है । अगर तमाम दौलत बट जाए तो मैं समझता हू कि रिजर्वेशन की जरूरत ही नही रह जाएगी । दौलत बट जाए सब को मिल जाए तो कोई शोर नही मचाएगा । सारा शोर इसलिए है कि कुछ आदमियों के पास माल है और कुछ के पास नही है । समाजवाद आप ले आए, वेलफेयर स्टेट बना दें कोई झगडा नही रह जाएगा ।

आज अस्सी परसेंट आबादी देहातों मे रहती है । मेरा सुझाव है कि अस्सी परसेंट बजट देहातो पर खर्च होना चाहिये । इसानो के लिए स्टेट है । जब अस्सी परसेंट इसान देहातो मे रहते हैं तो क्यो नही अस्सी परसेंट बजट उन पर खर्च होता है बजाय चालीस परसेंट के जो आप इस साल खर्च करने जा रहे है । मैं आपको इसके लिए धन्यवाद दिए बगैर नही रह सकता हू कि हिन्दुस्तान का यह पहला बजट है जिसमे चालीस परसेंट बजट जनता पार्टी देहातों पर खर्च करने जा रही है । यह एक हिस्ट्री है । इसके लिए मै आपका आभारी हू ।

आप किसानो को कहते है कि वे पैदावार बढाए । किसानो ने गन्ने की पैदावार बढाई । उसकी क्या हालत हुई ? वह गन्ना फूक रहा है । इसका आपको पहले से कोई इतजाम करना चाहिये था ताकि गन्ने उसको फूकना न पडता । 1932 मे उत्तर प्रदेश मे चीनी मिल बनी । 33 परसेंट गन्ना मिलो मे पिरता है, बाकी खडसारी या कोल्हू मे जाता है । मैं सजैशन दूगा कि खास तौर पर उत्तर प्रदेश मे और चीनी की मिलें होनी चाहिये ताकि ओवर प्रोडक्शन अगर हो भी जाए तो उसको कट्रोल किया जा सके । अगर आपके पास सरप्लस चीनी है और गन्ने को आपको

[श्री कुंवर महमूद अली खां]

खपाना है तो मै कहूगा कि इसका बिल्कुल आप डी कंट्रोल कर दें । कंट्रोल की कोई जरूरत नही है । मे किसान हू, देहात का रहने वाला हू । मैं जानता हू इसको । साल भर अगर तीन रुपये क्विटल कम दाम भी किसान को मिला तो उससे कज्यूमर का फायदा होगा । इसमे किसान का नुकसान है । बीच का जो आदमी है वह बिला वजह खा रहा है । यह खत्म होना चाहिय । कज्यूमर या प्राड्यूसर को फायदा हो । लेकिन आज हिन्दुस्तान की मुसीबत यह है कि सारा सिस्टम मिडलमैन पर आश्रित है । अगर मिडलमैन खत्म हा जाए बिचौलिया खत्म हो जाए ता कज्यूमर भी ठीक रहेगा और प्रोड्यूमर भी ठीक रहेगा ।

उस सिलसिले मे एक बात और अर्ज करनी है कि प्राडक्शन के लिये फर्टिलाइजर और ट्रैक्टर की जरूरत पडती है । 12 हौर्स पावर तक ऐक्साइज ड्यूटी नही है । लेकिन क्या इतनी कम हौर्स पावर के ट्रैक्टर से जुताई हो सकती है ? नही। तो मै इस दवा करूगा वित्त मत्री जी से कि ऐसा ट्रैक्टर जैसा एशिया की तरफ से आया था डी० टी० 14 जो किसानो ने बहुत पसन्द किया था उसी ढाचे का ट्रैक्टर यहा पर आप बनाये 14 15 होर्स पावर का जो ट्रैक्टर 10,000 रु० का आता था तो यहा की कडीशन्स के हिसाब से वह ट्रैक्टर डी० टी० 14 बहुत अच्छा है, और इस ट्रैक्टर पर काई ऐक्साइज ड्यूटी नही होनी चाहिये, ऐग्रीकल्चर इमप्लीमेंट्स पर कोई ऐक्साइज ड्यूटी नही होनी चाहिये, फर्टिलाइजर पर ड्यूटी नही होनी चाहिये । सिंचाई के लिये बिजली सस्ती मिले, डीजल भी सस्ता मिलना चाहिये

मैंने दिल्ली मे देखा है कि जो टैक्सी और स्कूटर ड्राइवर्स है पेट्रोल चूकि महगा हो रहा है इसलिये उनको कुछ परेशानी है । तो ऐसे लोगों के लिये, चूकि हमने राजघाट पर कसम खायी थी सोशलिज्म लायेंगे, उसको मद्देनजर रखते हुए टैक्सी और स्कूटर ड्राइवर्स को सब्सिडाइज्ड रेट पर एक मात्रा तक पेट्रोल देना चाहिये जिससे पब्लिक को भी आसानी मिले ।

चूकि फाइनेंस का मामला है काफी रुपया फाइनेंस का खर्च करना पडता है, हमारा उत्तर प्रदेश बहुत बडा है । उसमे जो प्लानिग है या ऐडमिनिस्ट्रेशन है उसको देखते हुए वहा का मामला बडा होने की वजह से मेरे ख्याल से यह जरूरी है कि यू० पी० के चार हिस्से होने चाहिये और इस पर हमे जार देना चाहिये, क्योंकि बडा प्रदेश होने की वजह से उसकी प्रौबलम्स भी अलग-अलग किस्म की है । एक वैस्टर्न यू० पी०, एक सेन्ट्रल यू० पी० एक ईस्टर्न यू० पी० और चौथा हिस्सा हिल स्टेट का जिसकी प्रौबलम मैदानी इलाके से बिल्कुल अलग है । और दो बाते वहा फोरन कर देनी चाहिये—एक ता मेरठ मे इलाहाबाद हाई कार्ट की बैंच आनी चाहिय, और दूसरे यू० पी के पब्लिक सर्विस कमीशन के चार ऐग्जामिनेशन सेन्टर्स और इटरव्यू सेन्टर्स होने चाहिये । मै 6 साल तक पब्लिक सर्विस कमीशन से रहा हू इसलिये उस तजुर्बे के आधार पर बता रहा हू कि यह बहुत जरूरी है, लडको का बहुत दिक्कत होती है । इसलिये एक बनारस लखनऊ, एक गढवाल मे और एक मेरठ मे सेन्टर होना चाहिये । और यू० पी० का पार्टीशन होना चाहिये चार हिस्सो मे । मेरा तो कहना है कि स्टेट्स रीआर्गेनाइजेशन कमीशन दोबारा बनाया जाए और बडी-बडी स्टेट्स का लिहाज करते हुए फिर से रीआर्गेनाइजेशन होना चाहिये कोई छोटी स्टेट अगर मिलना चाहे बडी मे तो कोई हर्ज नही है । और जो पुरानी कन्जरवेटिव बाते है कि राम लक्ष्मण की जमीन तकसीम नही होनी चाहिये इसमे मै इत्तफाक नही करता । हमारा मुल्क है अपनी आसानी और प्लानिंग के लिये जो भी मुनासिब कदम हो वह हम

उठा सकते हैं। उसका पुनर्गठन कर सकते हैं।

इन शब्दों के साथ मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे मौका दिया।

श्री डी० जी० गवई (बुलडाना) : मान्यवर, आपने मुझे फाइनेंस बिल पर बोलने का जो मौका दिया है उसके लिये मैं आपका आभारी हूं। मैं इस फाइनेंस बिल का समर्थन करते हुए कुछ सुझाव देना चाहता हूं। जनता पार्टी जिस समय सदन में आ कर बैठी और सरकार में आयी उससे पहले हमने कुछ वायदे किये थे कि जनता सरकार न्यायोचित समाज का निर्माण करेगी, ग्रामीण जनता के लिये कुछ अच्छे प्रोग्राम देगी जिससे देहातों में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। ग्रामों में जो हमारे लोग रहते हैं, काश्तकार रहते हैं, जो खेतिहर मजदूर रहते हैं जो रात दिन काम करते हैं, किसान भी अपने खेत की मिट्टी से प्रेम करता है उस पर अपना पसीना बहाता है, उन लोगों के लिये जो देहातों में बसे हुए हैं उनके लिये आपका यह बजट कुछ करने जा रहा था। और फाइनेंस मिनिस्टर ने पहले ही सैशन के टाइम में कुछ ऐसा वक्तव्य दिया था कि हम इस बात की तरफ ध्यान देंगे। मैं कहना चाहता हूं कि जो किसान हमारे गांव में बसे हुए हैं, जो रात-दिन मेहनत करते हैं, जिनको श्रमशूर इन्सान बोलते हैं, उनके लिये कोई आकर्षण नहीं है, कोई प्रोग्राम नहीं है।

आप बोलते हैं कि 40 परसेंट हमने ग्रामों के लिये रखा है, लेकिन उसका क्या उपयोग हो रहा है इस एक साल में, यह हम देख रहे हैं। बहुत से सदस्यों ने कहा है कि बहुत महंगाई हो गई है, लेकिन किस बात की महंगाई हो गई है? क्या किसान का अनाज महंगा बिक रहा है, गेहूं, चावल, ज्वार का भाव बढ़ा है या और भी किसान की जो बहुत-सी चीजें हैं, उनके भाव बढ़े हैं? भाव बढ़े हैं सीमेंट, लोहा, कोयला और कपड़े के, या जो सौन्दर्य प्रसाधन हैं, जैसे पाउडर है जिसको किसान कभी यूज नहीं करता। भाव बढ़े हैं उन चीजों के जिसकी जरूरत किसान को है, जिससे वह घर और कुआं बनाना चाहता है, लोहा खरीदना चाहता है। लेकिन जो किसान अपने खून की एक-एक बूंद जमीन पर न्यौछावर करता है और अपनी मेहनत से इस देश के 60 करोड़ लोगों के मुंह में दाना डालता है, मुंह हिलाता है, कोटि-कोटि चूल्हे जलाता है, उस किसान की हालत इस देश में क्या है? गौर से देखिये, यदि फटे कपड़े पहने दिल्ली में कोई एक आध किसान आये तो आप समझेंगे कि यह पागल है, पागल कुत्ते ने इसको काटा है। उसके कपड़े ऐसे होते हैं। उनके लिये जनता सरकार क्या करना चाहती है, यह महत्व का सवाल है?

बड़े-बड़े शहरों में कारखाने बनते हैं, सीमेंट, लोहे और कोयले की हमें जरूरत है लेकिन उसके साथ साथ खेती का उत्पादन बढ़ाने की भी ज्यादा जरूरत है। किसान खेती पर इन्वैस्टमेंट करता है, खर्चा करता है, आप देखें कि अगर किसान को एक एकड़ में गेहूं बोना है तो उसे तीन चीजें लगानी पड़ती हैं। पहला डोज फार्टिलाइजर, खाद का लगाता है, दूसरे बैग पर यूरिया लगाना पड़ता है। इस पर उसके 300 रुपये खर्च होते हैं। उसके बाद मेहनत होती है, अन्तर्गत मशक्कत होती है। उसके 4, 5 महीने मेहनत में चले जाते हैं लेकिन उसको क्या मिलता है, निसर्ग।

अभी महाराष्ट्र में गेहूं पर पीलिये का रोग लग गया। एक एकड़ में ज्यादा से ज्यादा 3 क्विंटल गेहूं पैदा हुआ है। उसका खर्चा भी पूरा नहीं हुआ।

गन्ने के बारे में कहा गया कि लोग गन्ने को जला रहे हैं, यह सच्ची बात है। शुगर कारखाने किसानों से गन्ना लेते हैं, लेकिन उसे पैसा नहीं देते। कोई फैक्टरी ऐसी है जो 99 परसेंट देती है, लेकिन बहुत सी फैक्टरी किसानों को जल्दी पैसा नहीं देतीं।

[श्री डी० पी० गवई]

मैं यह कहना चाहता हू कि आपका बजट, इस देश का जो फाइनेन्स है, यह रूरल एरिया की तरफ जाना चाहिये और गरीबों मे किसी आकर्षण का निर्माण होना चाहिए । जनता सरकार को एक साल हो गया है, जब हम सारे हिन्दुस्तान मे अपने क्षेत्रो मे जाते है तो लोग पूछते है कि जनता सरकार क्या करती है हमारे गरीब लोगो के लिए ? हम बोलते है कि सदन मे 150, 175 दिन जो काम हुआ है, उसमे मे 100 दिन तो खाली इन्दिरा जी की चर्चा चलती रही कि इन्दिरा गाधी ने यह किया, वह किया । सारा मामला उन पर चला जाता है । देश मे यह प्रतिक्रिया हो रही है कि जनता सरकार अच्छे रास्ते पर नही जा रही है । अगर इन्दिरा जी दोषी है, अपराधी हैं तो उनको सजा क्यो नही देते ? सजय गाधी ने अगर इतने अपराध किये हैं तो उसको सजा क्यो नही देते ? जनता सरकार मे कोई दम नही है । जनता सरकार कुछ नही कर सकती है, लोग ऐसा कहते है । तो हम कहते हैं कि हम इस बात मे नही जाना चाहते है, लेकिन हम आप के प्रश्नो को पार्लियामेंट मे रखते हैं और माग करते है कि गरीबों और किसानो के लिए कुछ काम होना चाहिए ।

मैं फिनास मिनिस्टर साहब से बिनती करूगा—वह बडे तजुर्बेकार और अनुभवी हैं —कि इस देश का नकशा बदलने के लिए सरकार को उन लोगो के लिए कोई प्रोग्राम बनाना चाहिए, जो अपनी मेहनत के बल पर कुछ काम करना चाहते है, जिन्हे प्रोत्साहन की आवश्यकता है । और वह प्रोग्राम केवल कागज पर नही होना चाहिए, ससद् के हाल मे नही होना चाहिए, बल्कि वह किसान के घर और खेती तक पहुचना चाहिए । उदाहरण के लिए किसानो को जो चीजे महगे दामो पर मिलती हैं, उन पर से एक्साइज ड्यूटी हटा देनी चाहिए ।

जनता सरकार और जनता सरकार के फ़िनास मिनिस्टर से मेरी बिनती है कि पिछले एक साल मे इस देश मे लोगों की यह प्रतिक्रिया हुई है कि जनता सरकार कुछ नही कर रही है, जनता सरकार ने कुछ नही किया है, जब कि इन्दिरा गाधी ने हमे झोपड़ी, बकरी और भैस दी । वास्तव मे इन्दिरा गाधी ने यह सब कुछ नही दिया था, लेकिन लोगों मे ऐसी भावना है कि जनता सरकार हमे क्या दे रही है, वह क्या करने जा रही है—कुछ नही । इस लिए आज लोगो को प्रोत्साहित और प्रेरित करने की आवश्यकता है ।

मैं साफ बता देना चाहता हू कि अभी जो इलेक्शन हुआ, उस मे विदर्भ मे एकानोमिकली बैकवर्ड, शिड्यूल्ड कास्ट्स, हरिजन और बुद्धिस्ट लोगों ने इन्दिरा गाधी के कैडीडेट को वोट दिया । विदर्भ से 66 मे मे 56 सदस्य काग्रेस (आई) और श्री घोटे के आ गये । इसका परिणाम हम लोगो का भुगतना पडता है । लोगों को हम कहते हैं कि जनता सरकार का बहुत दूरदर्शी प्रोग्राम है, वह एक बडा प्रोग्राम है, वह कोई डुगडुगी बजाने वाला प्रोग्राम नही है, कोई बच्चो का खेल नही है, थोडा धैर्य रखिए, हमारे लोग अच्छा काम करेगे । लेकिन लोग कहते हैं कि हमारे पेट मे आग लगी है, हम भूखा मर रहे है, फटे कपडे पहनते हैं, कितने साल तक हम ऐसे ही बैठे रहेगे । हम ने जनता को यह आश्वासन दिया था कि हम दस साल मे गरीबी को खत्म कर देंगे । लेकिन क्या दस साल तक हम सरकार मे रहेगे ? कैसे रहेगे ? अगर देश और जनता के लिए हमारा कोई अच्छा प्रोग्राम नही होगा, तो हम कैसे यहा रहेगे ?

अगर हम ने इस देश की ससदीय लोकशाही को, प्रजातत्र को, सुदृढ़ करना है, विकसित करना है, ससदीय लोकशाही के पौधे को बढाना है और उस की जडो को जमीन मे गहरा और मजबूत करना है, तो

हमें इस देश के ग़रीब लोगों के लिए कोई प्रोग्राम बनाना होगा। हम इस देश की पवित्र लोकशाही के लिए मर मिटना चाहते हैं। हर एक आदमी के दिल में यह भावना है कि हम अपने देश पर आंच नहीं आने देंगे ; अगर हम जियेंगे, तो अपने देश के लिए; मरेंगे, तो अपने देश के लिए; हम सर्वस्व समर्पित करेंगे अपने देश के लिए। यह शूरों और वीरों का देश है, यह महान् देश है, बहुत बड़ा देश है। इस लिए इस देश की सरकार का उद्देश्य भी उतना ही बड़ा होना चाहिए कि इस देश के प्रजातंत्र को हमेशा जिन्दा और ताजा रखने के लिए कोई ऐसा प्रोग्राम बनाया जाये कि इस देश में जो निराश जीवन जीने वाले लोग हैं, जिन बेचारों को शाम की रोटी नसीब नहीं होती है, जो भूखे मरते है, उन के जीवन में कुछ सुधार हो सके।

फ़िनान्स बिल पर बोलते हुए बहुत से माननीय सदस्यों ने हरिजनों का मामला भी उठाया। यह मामला कितनी सदियों तक चलता रहेगा ? हम देखते है कि हर डीबेट में, हर विषय पर और हर वक्त हरिजनों का सवाल उठाया जाता है। हमे ये बातें बहुत बुरी लगती हैं, क्योंकि हम उस घर में पैदा हुए है। लेकिन हम भारतीय है, हम अपने को कोई अलग नही मानते है। हमारे बहुत से लोगों ने कहा कि अगर हरिजनों के ऊपर अन्याय और अत्याचार चलते रहेंगे तो हम इस देश के टुकड़े बनायेंगे। मैं इस मत का नही हो सकता हूं क्योंकि इस देश की अखण्डता हमें कायम रखनी है। लेकिन इस देश में जो जातीयता की दरारें पड़ी है उन को मिटाना जरूरी है।

दूसरी बात यह है कि हरिजन के नाम पर बहुत से लोग फैसिलिटीज लेते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि हमारे देश में जो भी एकोनामिकली बैकवर्ड लोग हों उन को फैसिलिटीज मिलनी चाहिएं। उस में जाति का कोई सवाल नहीं है। जिन की मासिक आय 5 सौ या 6 सौ रूपये से कम है उन सारे लोगों को शैक्षिक और सर्विस वगैरह की फैसिलिटीज मिलनी चाहिएं जिस से जाति पांति का झगड़ा ही मिट जायेगा।

इस देश के प्रजातंत्र को सुखी, समृद्ध और निरोग रखने के लिए आप को अच्छे से अच्छे कदम उठाने पड़ेंगे। यह कहने से काम नही चलेगा कि पहली सरकार ने यह नहीं किया यह गलती पहली सरकार की है, यह इंदिरा गांधी की गलती है, यह कहने से आप का काम नही चलेगा। आप को अच्छे काम करने पड़ेंगे। आप ऐसे काम करें जिस में उन को महसूस करना पड़े और उन की गर्दन शर्म से झुक जाए कि उन्होंने कुछ नही किया और जनता सरकार ने इतना काम किया। आप ऐसा कुछ करें। खाली उन को दोष देने से काम नही चलेगा। यह मैंने सदन को बहुत बार बताने का प्रयास किया लेकिन चेयरमैन साहब ने मौका ही नही दिया। यह इंदिरा गांधी का सवाल कितने दिन तक आप चलायेंगे ? आज लोग बोलते है कि जनता पार्टी की सरकार मे कोई दम नही है। वह उन को पकड़ नहीं सकती है। इतने अपराध होते है, क्यों नही पकड़ते ? संजय गांधी पथराव करता है, वह इतना झुंड लाता है, यह करता है, वह करता है, जनता पार्टी सोयी पड़ी है, क्यों नही उन को पकड़ती है? इसमें एक कारण यह भी है कि ये जितने आइ ए एस आफिसर्स है हिन्दुस्तान में वे सारे पुराने ढांचे के हैं जिन्होंने एमर्जेंसी का दुरुपयोग किया है, जिन्होंने अपने साथी अफसरों और नीचे के 'कर्मचारियों' के साथ बुरा बर्ताव किया है, उन का रिवर्शन किया है, उनको डिसमिस किया है और उन को प्रीमैच्योर रिटायर किया है। तो इन लोगों का भी ढांचा बदलना इस सरकार का काम है, इस सरकार का कर्तव्य है। उन का दिमाग भी ठिकाने पर लाना पड़ेगा। जो आफिसर

[श्री डी० जी० गवई]

अभी भी इस देश के प्रजातंत्र को दुखी करने के लिए, यहा अराजकता फैलाने के लिए प्रयास करते है, जनता सरकार को बदनाम करने की कोशिश करते है उन की तरफ भी जनता सरकार का जरूर ध्यान होना चाहिए आप देखें कि ये आफिसर्स किस तरह बदनाम करते है ? बहुत सी जगह फायरिंग हुई । यह फायरिंग कैसे हुई । कुछ न कुछ तो उस में लोगों का अपराध जरूर होता है क्योंकि माग होती है, जोश आता है, जोश आने के बाद पथराव होता है, पथराव के बाद फायरिंग होती है । लेकिन उस के पीछे कुछ ऐसे आफिसर भी होते है जो उन बातो की तरफ ज्यादा ध्यान नही देते । वह सोचते है होता है तो होने दो बदनाम होगी तो जनता सरकार बदनाम होगी । तो ऐसे आफिसर्स को जल्दी से जल्दी हटा देना चाहिए या उन का तबादला कर देना चाहिए ।

देश के लिए कुछ अच्छे काम यह जनता सरकार करे यह हम आशा करते है और जो हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर है उनके कार्यकाल मे हमारे देश की परिस्थिति कोई एक नया रूप धारण करे जो सारे लोगों मे आकर्षण पैदा कर गरीब लोगों म आकर्षण पैदा कर और जनता सरकार पाच साल मे इस देश का नक्शा बदल दे । खाली दूसरी पार्टी को दोष देने से काम नही चलेगा, इतना मे बोल देता हू । आप को प्रयत्नशील रहना है, और अपने कर्त्तव्य के प्रति सतर्क रहना है । मै आशा करता हू कि हमारे फाइनेंन्स मिनिस्टर हमेशा सतर्क रहेंगे । वैसे उन की उमर तो बहुत ज्यादा है लेकिन ताकत उन मे बहुत है, काम कर सकते है । तो वह सतर्क रहेंगे और इस देश की जो भूमि है उस को सुजलाम सुफलाम् बनायेंगे ।

SHRI DHIRENDRANATH BASU (Katwa) Sir, so far as the Finance Bill is concerned, first of all, I should like to point out that there is one proposed amendment to the Income-tax Act. It is explained in the memorandum several provisions in the Finance Bill, particularly "Deduction in respect of investment in equity shares of new industrial companies" This will help the rich business people, this will help the big business houses and this will not help the common people Although in the Budget about 41 per cent of the amount has been provided for agricultural sector, for the development in rural areas, unfortunately there is no programme for development There is no well thought out plan and programme for development in rural areas What I find in the Finance Bill is, there is a concrete proposal for amendment to the Income-tax Act which is meant for benefiting the big business people I object to such an amendment

Regarding taxation on advertisements and sales promotion, I want to tell the Finance Minister, through you, that the hon Finance Minister should review the position and think again whether such a tax should be levied at all In the case of small firms they must have to advertise in papers for promoting their sales and without advertisement they cannot sell out their goods So, if these taxes are levied, you will see that the increase in the prices of consumer items will be about 16 to 17 per cent There is a general increase in the excise duty from 2 per cent to 5 per cent and there is a basic excise duty of 5 per cent If, you calculate it you will find that the manufacturers will be compelled to increase their prices not only to the extent of levy, but the extent will be about 17 to 18 per cent which is to be payable by the consumers So, it will tell hardly on the common people and the Finance Minister, I am sure, will consider this

With regard to modification of the provision relating to exemption of long-term capital gains here on page 5 of your Explanatory Notes, you will also find this will help the rich people This will not help the common people What was mentioned in the Election Manifesto of the Janata Party before elections ? It was mentioned in the Manifesto that the rural sectors would be getting priority and the common people case would get the best consideration But unfortunately here we find there are concrete proposals for amendment so that big business people can get some concessions What do we want ? We want small manufacturers, cottage industries and small-scale industries to get the advantage What we want is that cottage industries and small-scale industries to be established through the villages in the country so that consumers may get their requirements at

reasonable prices. But here you will find that only the big business people and the established business people will get the benefit.

Mr. Chairman, Sir, you will be surprised to learn that only a sum of Rs. one lakh has been provided for super thermal power plant at Farakka. What can be done with this Rs. one lakh when it requires crores of rupees. ? It means nothing. It means the proposal has been thrown in the cold storage. I have gone through the records and I find that as a consolation a sum of Rs. one lakhs is provided for this purpose. The proposal for the super thermal power plant at Farakka has been sanctioned since long and the hon. Minister is aware of it. There were big promises—promises by the previous government and promises by the present government. But nothing has been done. For the development of ports a various places, a very small amount has been provided. And practically no amount has been provided for the development of the ports in Haldia and Calcutta, The Calcutta and Haldia ports are dying. You will remember the Farakka Waters Agreement with Bangladesh. We have appeased Bangladesh, giving away more than what they wanted, keeping for India for the eastern region of India, only 20,000 cusecs of water ; and our canals, like the Hooghly river, are dried up in the season. No steamer can go to Calcutta. Even launches cannot ply on the Hooghly river. This is the position. We do not know why our Government had gone so far as to appease Bangladesh by giving away all the waters to Bangladesh, although the Government of India had to spend Rs. 56 crores for that—whereas Bangladesh did not pay a single penny. However, I am not going to dwell on that question.

Now about excise duty. The excise duty on fertilizers should be abolished. There should be no excise duty for fertilizers, because we want to encourage the small farmers and agriculturists. 70% of our countrymen are villagers and small farmers. They should be given the benefit. Excise duty should not have been imposed on fertilizers. I would request the honourable Minister to look into the matter and see if this can be cut down.

The growth in rural sectors will be practically nil, although we find that 41 % of the total budgetary amount has been provided for expenditure on the Department of Agriculture. There are no positive programmes. There is no policy as to how the money will be spent and how the farmers will get the benefit.

I had the opportunity to visit the Agricultural Research Institute several times. I found that many equipments had been manufacured by our engineers. Our engineers have talent. I must praise our engineers who have talent. Equipments have been manufactred and they are lying there. Those equipments are not being sold. There is no sales promotion. That is why I say there is no policy. There should be the infrastructure before we make out a plan. The last year of the 5th five-year plan has been gone through, but the Government could not complete the Plan. We have got a Draft Plan. I have gone through some pages of it. We shall certainly discuss the Draft Plan but in the intervening period, how will the money be spent, how will farmers get benefits and how will cottage and small-scale industries be developed in the villages ? How will fertilizers be distributed in the villages There is a gro up of dealers who are monopolizing in the matter. Fertilizers should be distributed in each village, and small dealers should be appointed -not the big ones who are earning thousands of rupees.

I attended several meetings of the Federation of Bank Employees and I have come to know that thousands of applications from agriculturists for loans are pending with the banks for sanctioning of loans. The banks have not sanctioned those loans. I want to mention a few figures: Punjab National Bank—55,000 applications from West Bengal; United Bank of India 36,000 applications from agriculturists and small farmers; the Central Bank of India—21,000 applications the United commercial Bank—31,000. These applications are pending. But, at the same time they are expediting the payment of loans to big industries. Our hon. Minister is certainly aware of it. Many of the Managing Directors or Chairman were present and I enquired of them for the reasons. The reply was that there were mistakes in the applications. I would say that it is their duty to rectify the mistakes. As they are public servants, they have to give assistance to the public. It is their duty to see that the mistakes in the applications are corrected so that the agriculturists, small farmers and the small scale industries get their loans. As a matter of fact, if you go through their accounts, you will find that about 60 per cent of the loans have been given to the big industrial houses and, out of the balance 40 per cent, only 30 per cent are given to the small-scale industries, agriculturists and so on. A time should come under the present Government when more than 60 per cent of the loans are given to the farmers of the villages, to the agriculturists and small traders so that the common people can get the benefit out of it.

[Shri Dhirendra Nath Basu]

The other day I was very glad to listen to the speech of our friend, Shri George Fernandes, at the meeting to the Federation of Chambers of Commerce and Industry where he said that 17 houses are monopolising the business I would appeal to the Finance Minister to see that this monopoly is broken Let the farmers of the villages, the small traders get the benefit of the loans from the nationalised banks Let the Finance Minister prepare a scheme He is a senior retired ICS officer Let him formulate a scheme and then implement it so that the people are benefited In my constituency there are many small and cottage industries which are not getting loans. In many cases it is only after my personal intervention that the applications for loans have been sanctioned by banks This has to be changed

Finally, Sir, I thank you for giving me this opportunity

श्री भारत भूषण (नैनीताल) किसी भी देश का नियंत्रण करने के लिए उस देश की सरकार के पास जो सब से बडा हथियार उसके हाथ में होता है वह वित्त व्यवस्था का होता है। इसका प्रारम्भ बजट की सामान्य चर्चा से हो कर अब वित्त विधेयक पर आ कर समाप्त हो रहा है। इस बीच हुई चर्चा को सुनने के बाद मे वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत इस वित्त विधेयक का समर्थन करने के लिए खडा हुआ हू। मैं कुछ सुझाव भी इस अवसर पर देना चाहूंगा और आशा करता हू कि उनकी ओर वह ध्यान देंगे।

सरकार बदली इसकी बडी चर्चा रही है। अभी हमारे एक मित्र ने मुगल शासन से ले कर कैसे अंग्रेजी शासन आया। कैसे कांग्रेस सत्ता मे आई और फिर जनता सरकार सत्ता मे आई, सारा इतिहास बताया है। किन्तु परिवर्तन नजर नही आ रहा है। इसका क्या कारण है? ऐसा मालूम पडता है, मुगल शासन की बात तो नही कहता, लेकिन अंग्रेजो ने जो इस देश के ऊपर शासन किया उसने एक व्यवस्था दी, उस व्यवस्था का बराबर हस्तांतरण हुआ है, इस देश मे क्रान्ति नही हुई है। उस पानी में से बदबू आयी, उसकी व्यवस्था करने के लिए सिरे पर कुछ लोग बैठा दिये गये, बदल दिए गये, लेकिन वह पानी ज्यो का त्यो ही रहा, उसकी बदबू जाती नही है। यदि आपको परिवर्तन करना है तो किसी प्रकार से इस पानी को सुधारना होगा तब जा कर इसकी बदबू निकलेगी, यह पेय जल बनेगा। इस देश में आजादी के 30 साल बाद भी जनता और सरकार के बीच में खाई बनी हुई है जिससे कभी भी जनता नही समझ पायी, उसने कभी भी यह नही कहा कि जो उसे देना है अपनी सरकार का देना है यह सरकार अपनी है, ऐसा अनुभव वह नही करती है। हम नियम बनाते है, दिन रात कडे नियम बनाते चले जाते है, सरकारी पक्ष मे बैठे हुए लोग, जो सरकारी दफ्तरो में लोग बैठे हुए हैं उसी जनता के बीच में से आये है, लेकिन उनके दिमाग में एक बात है कि बाकी जनता बेईमान है, यह सरकार को और समाज को लूट कर व्यक्तिगत रूप से रईस बन जाते है, यह भ्रष्ट है। और जो जनता में लोग है वह समझते है कि उन्ही के भाई बन्धु जो सरकारी दफ्तरो मे कुर्सी पर जा बैठे है यह सब भ्रष्टाचारी है, रिश्वतखोर है, बेईमान है, हमारी मेहनत की कमाई मे से हिस्सा लेना चाहते है। ऐसी खाई बन गई है। और यह व्यवस्था चलते चलते पिछले दिनो सब ने स्वीकार किया जो कांग्रेस सरकार सत्ता में थी उसने भी स्वीकार किया कि देश के अन्दर काला धन है चाहे रिश्वत से कमाया हो, चाहे टैक्स चुरा कर कमाया हो, एक पैरलल समानान्तर इकोनामी खडी हो गई।

कहने को बडा घमण्ड किया गया देश की अर्थ व्यवस्था बडी सुदृढ़ हो गई है, हमारे पास विदेशी मुद्रा बहुत सारी आ गई है, सोने के भी भण्डार है, ऐसी सुदृढ अर्थ व्यवस्था में जनता सरकार को सरकार मिली। कांग्रेस का कहना तो यह था, साथ साथ वह अपनी बात को काटते थे कि देश के अन्दर काला

धन है, समानान्तर अर्थ व्यवस्था चलती है, इसके द्वारा अपनी ही बात को काटते थे। इसके माने अर्थ व्यवस्था बिल्कुल गडबड थी। देश के अन्दर की राजनीति, यह ठीक है कि आज की परिस्थितियो मे अर्थ और राजनीति अलग अलग नही की जा सकती है। कोई भी राज्य स्थिर है यदि उसकी अर्थनीति सही है। वह राज्य हट जायेगा यदि उसकी अर्थनीति गलत हो जायेगी। तो दोनो को अलग नही किया जा सकता है। किन्तु कुछ पूजीपति लोग देश की राजनीति का सचालन करने लगे, और वह भी काले धन से। ऐसी स्थिति पैदा हो गई थी इस देश में जिसको अब बदला गया। इस बदली हुई परिस्थिति में पिछले वर्ष जब यह कहा गया कि हमें जो कुछ विरासत में मिला है मार्च में सत्ता में आये उसको हमें आगे चलाना है, अधिकाश बजट यह जनता का बजट नही है, ऐसी घोषणा वित्त मत्री जी ने की। अगल साल में बजट हमारा होगा। मै बधाई देना चाहता हू अगले साल के बजट में उन्होने भारत के देश को, इस देश की जनता को जो हमने वचन दिया था कि 40 प्रतिशत धन देहातो के विकास के लिए लगायेंगे उसकी व्यवस्था की गई है। किन्तु फिर प्रश्न आता है, मैने जैसा कहा कि पानी मे बदबू है, व्यवस्था वही है इसको शेक अप करने की जरूरत है, हिला देने की जरूरत है। जिन्होने छोटे से स्तर पर एक्वेरियम देखी होगी मछली पालन की घरो के अन्दर करते हैं उसमें पानी में बुलबुले उठाने पडते हैं नही तो मछली मर जाती है। यहा की अर्थव्यवस्था में विकास की जितनी योजनायें आप देंगे यदि उसको शेक अप नही करेंगे वित्त मत्री जी तो इसमें सब को समाप्त करना होगा।

मैं आपको स्मरण कराना चाहूंगा कि गत सितम्बर मास मे मैंने आपको एक पत्र लिखा था जिसमें हिन्दुस्तान के उद्योगों को चलाने के लिए सौफ्ट टर्म पर कर्जा देने वाली सस्था आई० टी० पी० आई० और फाइनेन्शियल कार्पोरेशन की व्यवस्था के बारे में लिखा था। उसके बारे में आपका पहला पत्र मिला कि आपका पत्र मिला, देखेंगे और उसके बाद एक पत्र मिला कि जाच कराई जा रही है। लेकिन 9 महीने हो गये वह जाच पूरी नही हुई।

एक शुगर फैक्टरी का निर्माण 8 कराड रुपये में होता है, वह भी उन्ही से लोन लेती है और एक का निर्माण 6 करोड में होता है, वह भी उनसे ही लोन लेती है और दोनो का काम करने वाली कम्पनी एक ही है। इस प्रकार की अर्थ व्यवस्था पर आप बैठे है। आपका दफ्तर जो कुछ कर रहा है, जो लैप्स हो रहे है, इन को आपको खोज निकालना होगा, जब तक यह नही करेंगे, काम चलने वाला नही है।

मैने पिछले बजट के समय भी कहा था कि मेरी आदत नही है कि किसी व्यक्ति का नाम ले कर बुराई करता रहू, क्योंकि वह भी इनडायरेक्ट व्यक्ति पूजा है, व्यक्तिपूजा को बढ़ावा देने वाली चीज है। मै जानता हूं कि आप कुछ दूरन्देशी की कार्यवाही कर रहे है। और उससे देश को लाभ होगा लेकिन राजनीति में देश की यह माग है कि कुछ इमिजिएट मिलना चाहिए। आप उनकी तरह झूट तो नही बोल सकते है कि देश की गरीबी एकदम हटा देंगे, लेकिन कुछ तो करना चाहिए, देश आपका 10 साल इन्तजार नही करेगा। बढ़ते हुए कदम सिद्ध होने चाहिए।

आपका दफ्तर किस प्रकार से विकास योजनाओ को ठप्प कर रहा है, यह मैं बताना चाहता हू। जमरानी में एक डैम बनाने की योजना बनी, 62 करोड रुपये उसके लिए रखे गये। यह मेरे क्षेत्र मे पडता है, 1974 में उसका शिलान्यास भी कर दिया गया। देखने की बात यह है कि 1974

[श्री भारत भूषण]

में शिलान्यास किया हुआ डैम 1978 तक पूरा नहीं हुआ, उसमें एक पत्थर भी नहीं लगाया गया। उसका कारण यह है कि हमारे इंजीनियर्स यह तय नहीं कर पाये कि बाहर से आई हुई एक तकनीक के आधार पर डैम बना कर उस पर कंकरीट के स्लैब लगाये जायें या भारतवर्ष का जो पुराना तरीका चला आ रहा है कि मिट्टी की तह लगाकर बांध बनायें, इसमें से एक भी तरीका 4 साल में तय नहीं कर पाये। मैं जानना चाहता हूं कि यह शिलान्यास किस चीज का कर दिया गया ?

इन परिस्थितियों में विकास योजनाएं अगर खटाई में पड़ी रहेंगी तो आपका काम चलने वाला नहीं है, हमारा समय पूरा हो जायेगा लेकिन यह काम चलाने वाले यहीं रहेंगे। इसके लिए इनको हिलाना होगा। मैं समझता हूं कि चाहे इसमें थोड़ा व्यय हो, चाहे इसमें थोड़ी बुराई मिले, लेकिन जो लोग बहुत दिनों से एक जगह पर बैठे हुए हैं, उन्होंने अपने वैस्टेड इण्टरेस्ट डैवलप कर लिये हैं, उन्हें वहां से हिलाना होगा, रिशफल करना होगा क्योंकि काम उन्हीं से लेना है।

दूसरे हमें नारेबाजी से निकलना होगा। उत्तर प्रदेश का सब से बड़ा उद्योग चीनी उद्योग है। इसके बारे में 1967 से नारा लगा कि इसका राष्ट्रीकरण किया जायेगा लेकिन 1978 तक न तो राष्ट्रीयकरण हुआ और न निजी उद्योग ने उसमें एक पैसा लगाया। नतीजा यह हुआ कि चीनी उद्योग बैठ गया। जितनी कैपेसिटी की शुगर फैक्टरी थी, वह दिन-रात बैठती चली गई। आपको निश्चित रूप से भारत की अर्थनीति की घोषणा करनी पड़ेगी। अगर राष्ट्रीयकरण करना है, तो किसी दिन सुबह को पता देना होगा जैसे 1 हजार का नोट समाप्त किया और सुबह ही पता लगा कि 1 हजार का नोट समाप्त हो गया। नेशनलाइजेशन अगर करना है तो नारा लगाते रहने से काम नहीं होगा, एक दिन सुबह इसकी घोषणा करनी होगी कि नेशनलाइजेशन हो गया, फैक्टरियां टेक-ओवर हो गई तभी काम होगा। नहीं तो कोई काम नहीं होगा। इस तरह रोज भय में रखने से कोई लाभ नहीं है। जिस तरह से एक मेमने को आप रोज खाना खिलाइयें और शाम को भेड़िये के सामने कर दीजिए तो उसका सब खाया-पिया निकल जायेगा उसी तरह से इस उद्योग में भी ऐसा करने से काम नहीं चलेगा। इससे न श्रमिकों को, न किसान को और न उद्योग को कोई लाभ होने वाला है।

16.59 hrs.

[SHRI DHIRENDRANATH BASU *in the Chair*]

गत वर्ष माननीय मंत्री जी ने घोषणा की इनकम टैक्स की प्रथम जो सीमा है वह 10 हजार तक बढ़ाई है, परन्तु टैक्स पहली सीमा 8 हजार से ही लेना शुरू हो जायेगा। मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि आपने जब यह कदम उठाया था तो इस सदन में इस बात का मेजें थप-थपाकर आपका स्वागत किया गया था। सारे देश ने इसका स्वागत किया था और मुझे यह भी विश्वास है कि इसके कारण से आपको टैक्स में हानि नहीं हुई।

परन्तु इसके व्यावहारिक रूप में 10 हजार की सीमा है पर 10 हजार के बाद ही टैक्स लागू नहीं होता। इससे ब्लैक मनी पैदा होता है। अगर 10 हजार से ऊपर में एक हजार रुपया और कमा लूं तो मुझको 510 रुपये टैक्स देना पड़ता है, 490 रुपये हमारे घर में पड़ता है, यानी 51 परसेंट टैक्स देना पड़ता है सिर्फ 1 हजार रुपया ज्यादा कमा लेने से। इस प्रकार के जब आपके नियम होंगे तो मैं कोशिश करूंगा

कि 490 रुपये रखने के बजाये मैं 1 हजार कही पर छिपाऊ, इस तरह काटू कि उस समय मेरी 999 रुपये आमदनी दिखाई दे ताकि मेरे ऊपर यह टैक्स न लगे। इस प्रकार के नियम बनाने मे हम भ्रष्ट तरीको को प्रोत्साहन देंगे।

17 00 hrs

इस वित्त विधेयक मे एडवरटाइजमेंट्स पर टैक्स लगाया गया है। इस बार टैक्स लगाने के मामले मे कुछ चीजो पर ब्लैकंट, काला कबल, डाल दिया गया है—सब को एक ही लाठी मे हाका गया है। यह नही होना चाहिए। सिग्रेट के प्रचार की कोई आवश्यकता नही है—मुझे उस की आदत है, और लोगो को उस की आदत है—, उस पर चाहे कितना टैक्स लगाया जाये। बेशक सिग्रेट और शराब का प्रचार बन्द कर दिया जाये। लेकिन क्या टूरिज्म कार्पोरेशन देश-विदेश मे एडवरटाइजमेंट किये बिना हमारे टूरिस्ट स्पाट्स को हाई-लाइट कर सकेगी? क्या एडवरटाइजमेंट किये बगैर इडियन एयरलाइन्ज चल सकेगी, जब कि उसे दूसरी एयरलाइन्ज का मुकाबला करना है? इस स्थिति मे हर एडवरटाइजमेंट पर टैक्स लगाना उचित नही है। इस से एक हानि यह होगी कि जितने लोग प्रचार के साधनों मे लगे हुए है —उन मे कुछ पेंटर्स और फोटोग्राफर्ज है, कुछ आइडियाज देने वाले लोग हैं —, उन सब के व्यापार और आजीविका को बडा भारी आघात पहुचेगा। इसलिए इस प्रावधान मे परिवर्तन की आवश्यकता है।

सब तरफ से सेविंग्ज बढाने की बात कही जाती है। लेकिन अगर कोई सेविंग कर ले, रुपया इकट्ठा कर ले, तो एक दिन उसे परेशानी का सामना करना पड सकता है। कहा जाता है कि एक खास तरीके से—डाकखाने मे या बाइज के माध्यम से—सेविंग की जाये। आज सारे बैंक नैशनलाइज्ड हैं। अगर कोई किसी बैंक मे नियत समय के लिए रुपया रखता है, सेविंग करता है, व्यर्थ का खर्च नही करता है, तो उसे भी बेनिफिट मिलना चाहिए।

इस देश की इकानोमी को चेंज करने के लिए बहुत से तरीको मे पापुलेशन कट्रोल की बात भी कही जाती है। किसान को कहा जाता है कि उसे जमीन मिलेगी परिवार के आधार पर, लेकिन इनकम टैक्स लगाया जायेगा व्यक्ति पर—वह परिवार पर नही लगता है। इस प्रकार की दुराव की नीति के बजाये परिवार को एक बेसिक यूनिट मान लिया जाये—और परिवार की सीमा निर्धारित कर दी जाये— और यह तय कर दिया जाये कि राष्ट्र उस को यहा तक सबसिडी, अनुदान, सहित राशन आदि चीजें देने मे क्षम है, उससे आगे नही।

यहा पर सीलिंग की भी चर्चा की गई है। कोई कह सकता है कि इस का वित्त विधेयक से सम्बन्ध नही है, लेकिन इससे देश की अर्थ-नीति और सारी इकानोमी का सम्बन्ध है। सरकार ने देहात मे सीलिंग लगाई है। पहली बात तो यह है कि बिना फ्लोरिंग के सीलिंग लगाई गई है—जमीन है नही और छत बन जाती है। दूसरी बात यह है कि जितना ज्यादा जमीन का फ्रेगमेंटेशन होता जायेगा, यूनिट छोटा होता जायेगा उतनी ही कृषि की आय कम होती जायेगी। यदि सरकार चाहती है कि कृषि का उत्पादन बढे, तो अब समय आ गया है कि ऐसा नियम बनाने पर विचार किया जाय कि इस से आगे जमीन के टुकडे न हो, ताकि कृषि सही ढग से हो सके। सरकार सीलिंग को अपनी जगह रखे, लेकिन जमीन के और टुकडे नही होने चाहिए। 18 एकड की सीलिंग है, तीन बच्चे है, 6–6 एकड हो गई, अगली ही पीढी मे। तो तीन तीन और दो दो एकड के ऊपर कृषि नही चलेगी, आप के इम्प्लीमेंट्स नही

[श्री भारत भूषण]

चलेंगे । इसलिए आपको कुछ नियम ऐसा बनाना पड़ेगा कि कृषि इकट्ठा रहेगी, उस परिवार की यूनिट बन कर रहेगी और उस को इकट्ठा करना पड़ेगा ।

आपके पास इस समय फारेन एक्सजेंज कम नहीं है । अभी मैं परसों अखबार में पढ़ रहा था कि इस समय पिछले सारे रेकार्ड्स उस के टूट गये हैं. . . .

एक माननीय सदस्य : सीधा समझा दीजिए कि खेती खेती करने वालों को दीजिए ।

श्री भारत भूषण : खती खेती करने वालों के पास ही रहनी चाहिए, उस में कोई दो राय नहीं हो सकती ।

मैं यह कह रहा था कि आप के पास फारेन एक्सचेंज वढ़ रहा है । आप देखिये कि एक ओर खेती की सीमा छोटी और एक ओर बड़े ट्रैक्टर का निर्माण यह कोई अच्छी बात नहीं है, इसलिये छोटे ट्रैक्टर्स का निर्माण कराइये और जब तक छोटा ट्रेक्टर नहीं बनता है, तब तक आप ट्रैक्टर बाहर से लाइये ।

दूसरी बात हम इस समय बजट पर बात कर रहे हैं । इस में आप देखे, छोटे ट्रैक्टर्स या बड़े ट्रैक्टर्स कोई भी हों, आप की एक्साइज ड्यूटी का तरीका क्या हो गया है कि उस में डायनेमो बाहर से बन कर आये, उस पर एक्साइज ड्यूटी लग गई, टायर बाहर से आया उस पर एक्साइज ड्यूटी लग गई । पम्प वगैरह बाहर से आया, उस सब पर एक्साइज ड्यिूटी बन गई । एक जगह ला कर सब को एसेम्बल कर दिया, उस पर एक्साइज ड्यूटी लग गई इस से किसान की कमर टूट जाती है । आज उस की कीमत कितनी बढ़ी है ? 1970 में आप आधार मानते हैं 100 और आज 180 कीमत हो गई हैं । 1970 में मैंने ट्रैक्टर खरीदा था । 19 हजार रुपये का इम्पोर्टेड ट्रैक्टर आया था इंटरनेशनल हारवेस्टर 35 हार्स पावर का । आज उस की कीमत 45 हजार से भी ज्यादा 48 हजार है । यह स्थिति है । आप किसान की चीजों की कीमत कितनी बढ़ायेंगे । 76 रुपये के भाव से किसान ने उस समय गेहूं दिया था, क्या आज उस को 150 रुपयें का भाव आप दे सकेंगे ? तो यह कहना कि हम किसान के दृष्टिकोण से सोच रहे हैं । किसान के लिए कर रहे हैं, यह कहां तक सही है क्या वास्तव में हम किसान के लिए कुछ कर रहे हैं ? किसान की जो उपज है उस का भाव निश्चित करने के लिये दूसरा पैमाना आता है, उस की उपज का रेट कुछ और और किसान को जो सामान लेना है उस का रेट कुछ और है । इस तरह यह जीवन कैसे चलेगा ? यह परिस्थिति बहुत खुशगवार नहीं हैं ।

वित्त मंत्री जी यद्यपि उस से टअप से आए हैं, वित्त व्यवस्था में रहे हैं लेकिन मैं फिर निवेदन करूंगा कि एक बार इस देश की वित्त व्यवस्था को झकझोरना होगा ।

जितनी चर्चा राजनीतिक भ्रष्टाचार की की जाती है उस के अन्दर हमारा कर्मचारी वर्ग शामिल है । उन को या तो लैंकेट माफी दीजिये वरना तो इस खतरे में कि कहीं हम उस में फंस जायें, वे आप को हमेशा मिसलीडिंग रिपोर्ट देते रहेंगे । मैं मिसाल के तौर पर बताना चाहूंगा । आप की ही गवर्नमैंट की अंडरटेकिंग हैं मार्डन बेकरी । उस के एम डी के खिलाफ सी बी आई एन्क्वायरी भी हुई । जवाब दे दिया गया कि अब कुछ करने की जरूरत नहीं है क्योंकि उन्हें एक महीने बाद रिटायर होना है । एक्सटेंशन तो मना ही कर दिया गया और उन्हें वापस कर दिया गया । लेकिन उन के किए हुए का क्या हुआ ? उन के सताए हुए लोगों को वापस न लेने के लिए सारी मिनिस्ट्री लगी हुई हैं कि नहीं, नहीं, यह नहीं हो सकता क्योंकि अगर उन्हें वापस लिया गया तो उन के दुष्कृत्यों की पोल खुलेगी । आज एक साल

22 दिन के अन्दर उस को जवाब नहीं दे पाए हैं । सरकार कहती है कि सरकार को कुछ नही करना है, वह तो कारपोरेशन है, कम्पनी है, इस का मैनेजमेंट करेगा और मैनेजमेंट के पास जाता है तो वह कहते हैं कि यह तो सरकार को रिपोर्ट आयेगी। एक साल 22 दिन में तो बनी नहीं । उस की सर्विस बुक मांगी गई, उस के खिलाफ रिकार्ड मंगाया, इस तरह से उस को तंग किया गया। वह रिकार्ड लाया तो अब उस को नये सिरे से बनाया जा रहा है। इस को 'बुकिंग" नही कहेंगे तो क्या कहेंगे, जानबूझ कर इस तरह की शरारतें की गई ।

इसलिये मैं आप से कहना चाहता हूं कि जो लोग जहा बैठे है, उन को हिलाना होगा, उन को हटाना होगा, वरना काम नही चलेगा। माननीय मंत्री जी एक साल के अन्दर जो अनुभव हुआ है और अभी जी चार साल आप के बाकी हैं, ये लोग आप को पहले वालो से ज्यादा बदनाम कर देंगे, क्योंकि पहले वाले तो उन के साथ हिस्सा बंटाते थे, आप रिश्वत खाते नही है, हिस्सा बटाते नही है। इसलिये आप ज्यादा बदनाम हो जायेंगे ।

मैं चाहता हूं कि एक्साइज ड्यूटी मे आप ने जो 5 परसेंट ब्लाकेट रेट बढ़ा दिया है, उस पर फिर से विचार कीजिये। जो अनावश्यक खर्च है, जैसे सौन्दर्य प्रसाधन की वस्तुए है, उन पर आप ज्यादा टैक्स बढ़ायें, लेकिन जो उत्पादन बढाने वाली वस्तुए है, उन पर टैक्स को समाप्त करें । 10 हजार रुपये की आय पर जो इनकम टैक्स हटाने की बात कही गई है, उस को व्यावहारिक रूप मे पूरा करे । 10 हजार की इन्कम पर इन्कम टैक्स प्रारम्भ हो, ऐसी व्यवस्था करे । मैं एक बात और कहना चाहता हूं —क्या ऐसा सम्भव नही है कि हम इन्कम टैक्स बिल्कुल समाप्त कर दें, उस की जगह खर्च पर टैक्स लगायें । जो कमायें और उस कमाई को उत्पादन में, नये रोजगार में धन्धों को बढाने में लगाता चला जाय, उस पर टैक्स न लगे, लेकिन जो व्यक्ति उस आमदनी को अपने ऊपर खर्च करने में लगायें, अपने ऐश-आराम में लगायें, उस पर टैक्स लगे । अब तक की राजनीति यह रही है कि हिन्दुस्तान के 80 प्रतिशत किसानों की कमर को तोड़ कर रखो, उन की क्रय-शक्ति को घटा दो, ताकि उन के अन्दर खरीदने की शक्ति न रहे, वे खरीदने के लिये आगे न आ सकें, इस से चीजो के भाव नीचे रहेंगे । यह भावों को नीचे रखने का सही उपाय नही है । 80 प्रतिशत किसान यदि भूखा मरता रहेगा, तो इस से काम नही चलेगा, इस से क्लास-वार शुरू हो जायेगी ।

यहां पर हरिजनों की बात भी कही गई है, यद्यपि इस का सीधा सम्बन्ध नही है, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा—जैसा हमारे माननीय सदस्य कुंवर महमूद अली साहब ने कहा—यह सब हम को आपस मे लड़ाने के लिए है । इस का वास्तविक कारण अर्थ-नीति है । जो रईस है, चाहे वह किसी भी जाति का हो, किसी भी सम्प्रदाय का हो, गरीब को सताने में ज्यादा मजा आता है । भाई को भाई सताता है, मैंने सगे-भाइयों को देखा है, दूसरो की बात तो छोड़ दीजिए, जो अपने सगे भाई को सताने मे खुश होता है । इस लिए आज हमारी अर्थ नीति का आधार यह होना चाहिए कि जो नीचे के लोग हैं, पिछड़े हुए लोग हैं, उन को ज्यादा सुविधाए दें, हमें उन को शिक्षित करना है । यदि समाजवाद की तरफ कोई बड़ा कदम उठाना है तो वह यह है कि सब को समान शिक्षा मिले। उस समान शिक्षा के दौरान जब उन को भोजन, वस्त्र और शिक्षा समान रूप से मिलेगी, तो जब वे शिक्षित हो कर बाहर आयेंगे तो उनका शरीरिक विकास, मानसिक विकास बराबर होगा । रईस के लड़के और गरीब के लड़के मे भेद नही रहेगा । जिस तरह से कृष्ण और सुदामा ऋषि संदीपन के आश्रम में एक साथ पढ़े, कृष्ण राजा के बेटे थे और सुदामा गरीब ब्राह्मण का बेटा था, दोनो जंगल मे साथ लकड़ियां काटने जाते थे, दोनो को खाने के लिए एक-एक मुट्ठी

[श्री भारत भूषण]

भूजा मिलता था—जब इस तरह की शिक्षा देश में मिलेगी, तब इस देश मे समाजवाद आयेगा, इस के अलावा दूसरा कोई तरीका नही है।

आज तक इस देश मे—चाहे पिछली सरकार हो—जितने वित्त विधेयक पेश हुए, उनसे समाजवाद के नाम पर असमानता बढ़ी, बडा ज्यादा बडा हुआ, गरीब ज्यादा गरीब हुआ, पिछडा और हरिजन ज्यादा पिछडता चला गया। यह जो व्यवस्था पैदा की गई है—जनता पार्टी के वित्त मंत्री होने के नाते आप का दायित्व है कि इस व्यवस्था को आमूल-चूल परिवर्तन दे कर देश मे एक नया जागरण, एक नई चेतना, एक नई दिशा दे।

इन शब्दो के साथ मैं इस वित्त विधेयक का समर्थन करता हू।

श्री एम० सत्यनारायण राव (करीमनगर) : चैयरमेन साहब, जनता पार्टी यह समझती है कि इस मे पहले जितनी भी गवर्नमेंट आई है, उन्होने रूरल डेवलपमेंट को कोई अहमियत नही दी। आप कहते हैं कि हमने एग्रीकल्चर को सब से ज्यादा महत्व दिया है। ठीक है, एग्रीकल्चर डेवलपमेंट के लिए ज्यादा बजट प्रोवाइड करने, तो हमे कोई एतराज नही है लेकिन बोलेंगे तो यह लेकिन करेंगे दूसरी बात। मुझे तो यही अफ़सोस की बात मालूम होती है। आप ने एक साल मे क्या किया है। एक साल के अन्दर लोगो के लिए क्या किया है। एग्रीकल्चर डेवलपमेंट के लिए यह कर रहे हैं और यह कर रहे हैं यही कहते हैं और होम मिनिस्टर साहब भी बोलते है कि हम एग्रीकल्चर डेवलपमेंट के लिए ज्यादा करेंगे, लेकिन आप ने क्या किया है, यह मैं पूछना चाहता हू।

एग्रीकल्चर डेवलपमेंट मे पानी की बहुत जरूरत है और इर्रीगेशन के बगैर उस मे ज्यादा तरक्की नही कर सकते लेकिन पानी के सिलसिले मे आप ने क्या किया है, यह मैं फाइनेन्स मिनिस्टर साहब से पूछना चाहता हू। इस से पहले भी यह प्रोपोजल था कि शुमाली हिन्दुस्तान मे, उत्तरी हिन्दुस्तान से जो ज्यादा पानी है, उसके लिए गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र आदि के पानी को बर्बाद न होने दिया जाए। ऐसी जो बहुत सी नदिया है उन का पानी समुद्र मे जा रहा है और उस का पूरा इस्तेमाल आप नही कर पा रहे हैं। मैं समझता हू कि 40 फीसदी से ज्यादा आप वह पानी इस्तेमाल नही कर रहे है और 60 परसेण्ट पानी समुद्र मे जा रहा है। इससे पहले जो डा० के०एल० राव थे, उन का सुझाव यह था कि सरप्लस वाटर जितना शुमाली हिन्दुस्तान मे है, उस गंगा के पानी को अगर कावेरी से मिला दें तो वह समुद्र मे नही जाएगा और वेस्ट नही हो पाएगा और वह पानी भी इस्तेमाल हो जाएगा और दूसरी जगहो पर उस पानी को इस्तेमाल कर के लाखो एकड़ जमीन मे काश्त की जा सकती है। इस सिलसिले मे आप ने क्या किया है, यह मैं फाइनेन्स मिनिस्टर साहब से पूछना चाहता हू। वे बहुत तजुर्बेकार है और अच्छे आदमी हैं, लेकिन इस दिशा मे आप ने क्या किया है। मेरा निवेदन यही है कि यह जो डा० के० एल० राव का सुझाव था कि गंगा को ले जा कर कावेरी मे मिलाया जाए, तो उस के लिए आप ने क्या सोचा है।... (व्यवधान)... ब्रह्मपुत्र को मिलाना तो मुश्किल हो जाएगा। ब्रह्मपुत्र के लिए आप ईस्ट इण्डिया मे कर सकते है। यहा पर कई जोन्स हैं जैसे नदर्न, सदर्न, इस्टर्न और मिडिल। इन को आप मिलाने का काम करे, तो काश्त की समस्या का निदान हो सकता है।

एग्रीकल्चर के वास्ते इलेक्ट्रिसिटी की भी बहुत जरूरत होती है। आप ने सुपर थर्मल पावर स्टेशन के लिए अनाउन्स किया था लेकिन क्योंकि पावर मिनिस्ट्री की

डिमान्ड्स नहीं आई, इसलिए हम इस मामले पर बहस नहीं कर सके । रामागुण्डम में एक सुपर थर्मल पावर स्टेशन के बारे में अनाऊंस किया था कि एक साल में इस को कर देंगे । इस में अभी तक कुछ नहीं हुआ है और कोई काम नहीं हो रहा है । अगर यह हो जाता है, तो इस से वहां के लोगों को बहुत फ़ायदा होगा । अगर पावर मिनिस्टर साहब से इस के बारे में कहते हैं, तो वे यह कहते हैं कि असली पावर, मनी की पावर तो पटेल साहब के हाथ में है । इसलिये आप से इस बारे में कह रहे हैं कि जितनी फाइनेन्स की जरूरत है, उस को आप प्रोवाइड कीजिए । इस से पूरे साऊथ को फ़ायदा होगा और मुझे उम्मीद है कि आप इस बारे में कुछ करेंगे ।

तीसरी चीज स्टील के बारे में है । हमारे विशाखापटनम में एक स्टील का प्लान्ट है विजाग स्टील प्लान्ट । आप को मालूम है कि इस के बारे मे बहुत बडा एजीटेशन हुआ था । पिछले 10 साल से यह मामला चला आ रहा है और वह डिमान्ड पूरी नहीं हो रही है । बीजू पटनायक जी से कहा, तो उन्होंने कहा, नहीं, नही, हम इस के बारे में सोच रहे हैं और हम कुछ करेंगे उस के मुतालिक मगर उन के हाथ मे कुछ नही है । वह भी आप के हाथ में है । अगर आप पैसा देंगे तो स्टील प्लान्ट आ जाएगा । वह हमारे लिए बहुत अहमियत रखता है । इसलिए आप हमदर्दी रख कर वहां पर स्टील प्लांट लगाने की कोशिश करें । अगर आप ऐसा कर दें तो बहुत अच्छा होगा ।

सभापति महोदय, हमारा तेलंगाना बेकवर्ड रीजन है । इंडीपेंडेंस आने के बाद से वहां पर सिंगल रेलवे लाइन है । अगर किसी रीजन में रेलवे लाइन नही है, तो आपको तो मालूम है कि वह रीजन तरक्की नहीं कर सकता है । हमारी डिमाण्ड बहुत समय से रही है कि वहां पर रेलवे लाइन प्रोवाइड की जाए । वहां पर एक रेलवे लाइन है— रामागुण्डम से ले कर निजामाबाद तक । हम बहुत समय से रेलवे लाइन के लिए लड़ते रहे हैं । आपको तो सभापति महोदय, पता है कि हम इस इलाके में रेलवे लाइन के लिए कितना लड़ते रहे हैं । हमारे रेलवे मिनिस्टर साहब ने भी हम से कहा था कि हम आप से हमदर्दी रखते हैं लेकिन हमारे पास पैसा नही है । इसलिए मैं पटेल साहब से दरख्वास्त करता हूं कि हमारे रीजन में रेलवे लाइन के लिए आप पैसा दीजिए । तभी यह काम हो सकता है ।

चेअरमैन साहब, आप कहते हैं कि आप गवर्नमेंट में आने के बाद से दस सालों में अनएम्प्लाएमेंट प्राब्लम सोल्व करेंगे । इस बारे मे मैंने एक सप्लीमेंटरी क्वेश्चन भी किया था कि आपकी गवर्नमेंट को एक साल हो गया है, इस साल के अन्दर आपने कितनी अनएम्प्लाएमेंट प्राब्लम सोल्व की है ? इसका जवाब हमें नही मिला । इस सिलसिले मे मेरी आपसे एक गुजारिश है कि जितने भी अनएम्प्लाएड हैं, जो सेल्फ एम्प्लाएड स्कीम चलाना चाहते है, उनको पैसा दें । उन लोगों को पैसे की जरूरत है । यह पैसा कौन दे सकता है ? यह पैसा आपके बैंक दे सकते हैं लेकिन आपके ये बैंक, जो नेशनेलाइज्ड बैंक हैं, वे सहायता नही देते हैं । आप हमेशा कहते है कि नेशनेलाइज्ड बैंक्स से हम अनएम्प्लाएड ग्रेजुएट्स को सेल्फ एम्प्लाएमेंट स्कीम चलाने के लिए पैसा दिलायेंगे । लेकिन मैं आप से कहना चाहता हूं कि मेरी स्टेट में ही नहीं, दूसरी किसी भी स्टेट में बैंक्स किसी को भी पैसा नही देते हैं । वे बहुत सताते हैं । आप लोग एम्प्लाएमेंट नहीं देते हैं जो खुद एम्प्लाएड होना चाहते हैं उन्हें बैंक्स पैसा नही देते हैं । जो लोग स्माल स्केल इंडस्ट्री वगैरह चलाना चाहते हैं, दूसरे काम करना चाहते हैं, उन्हें आपके बैंकों को सहायता देनी चाहिए । यह क्या बात है पटेल साहब ? बैंक तो आपके हाथ में हैं । डिजर्विंग

[श्री एम० सत्यनारायण राव]

क्वालिफाइड लोग दरख्वास्त भेजते हैं लेकिन उन्हें लोन नही मिलता है । आपको उन्हें लोन देना चाहिए। अगर आप उन्हें लोन देंगे तो आप का एम्प्लाएमेंट देने का काम भी पूरा होगा नही तो आपके वायदे वैसे ही रह जायेंगे और लोग हसते रहेंगे ।

एक बात मैं ला एण्ड आर्डर के बारे में कहना चाहता हू। आज जो देश में यह समस्या है इसका कारण क्या है ? यह ठीक है कि हरिजन, गिरिजन और आदिवासियो के मसले को होम मिनिस्ट्री देखती है और ला एण्ड आर्डर का प्राब्लम भी होम मिनिस्ट्री का है। लेकिन इसका हमे कारण भी देखना होगा। आप लोग उस कारण को दूर नही कर रहे हैं। जितने भी देश मे लेण्डलेस परसस हैं उनको लेण्ड चाहिए । आपके पास सरप्लस लेण्ड है, आप वह लेण्ड उन लोगो को क्यो नही दे रहे हैं जो काश्त करना चाहते हैं? आप एक साल के लेण्ड रिफार्म्स नही कर रहे हैं। आपको दिलचस्पी ले कर फौरन इस चीज को करना चाहिए । मैं आप से कहता हू कि इसको करना आपकी पार्टी के इन्ट्रेस्ट मे भी है और मुल्क के इन्ट्रेस्ट मे भी है। जब-तक आप लेण्ड रिफार्स नही करेंगे तब तक यह ला एण्ड आर्डर की प्राब्लम रहेगी। मैं आपको कहना चाहता हू कि अगर लेण्ड रिफार्म्स नही हुए तो वीकर सेक्शन के लोग खामोश नही रहेंगे । वे तैयार हो गये हैं और वे सिविल वार पर भी आ सकते हैं । साथ ही अगर आप एक आदमी को चार-पाच एकड लेन्ड नही देते है तो ये लेण्ड रिफार्म्स करने से भी कोई फायदा नही है । क्योंकि बिना इसके उसे कुछ मिलने वाला नही है । उसे लेण्ड पर बहुत कुछ खर्च करना पडता है । जमीन के साथ ही उसे इलेक्ट्रिसिटी भी मिलनी चाहिए । आजकल आप इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई नही करते है। आज किसान इससे मर रहे हैं । अभी तमिलनाडु मे देखा कि किसानो ने बहुत बडा एजीटेशन किया। यह हमने पहली बार सुना कि किसान भी एजीटेशन कर रहे हैं । लेबर एजीटेशन तो होते थे लेकिन किसानो का एजीटेशन हमने पहली बार देखा। पुलिस फायरिंग में किसान मर गये । किसान भी अपने राइट्स के लिए लडने के लिए अब तैयार हो गये हैं । वहा बडी समस्या यह है कि बिजली चीप सप्लाई नही हो रही है। एक्साइज ड्यूटी बढा कर आपने और भी परेशानी पैदा कर दी है। यह जो सारी समस्या है इसको आप हल करे। इसके साथ साथ सीड और फर्टिलाइजर भी आपको सप्लाई करना पडेगा । जब तक ये सब चीजें नहीं होगी उस वक्त तक कुछ भी नही होगा । जमीन दे देने से ही कुछ फायदा नही होगा ।

आंध्र प्रदेश की दो तीन बडी प्राजैक्ट्स हैं एक नागार्जुन सागर है एक पोचमपार है, श्री श्रीसेलम है। इन को शुरू हुए बीस साल हो चुके हैं । पडित जवाहरलाल नेहरू ने इनका फाउडेशन स्टोन रखा था। अभी तक भी इनको पूरा नही किया जा सका है । साठ करोड का यह प्लान था। अब 120 करोड या पता नही दो सौ करोड का हो गया है। इतनी कास्ट बढ़ गई है। इरिगेशन पाटेंशियल आप क्रियेट नही करेंगे तो कोई फायदा नही होगा । पैदावार नही बढ सकेगी । ये प्राजैक्ट आधी बन कर तैयार हो गई है। इनको कम्प्लीट करने के लिये पैसा चाहिये। शायद राज्य सरकार ने आपको इसके बारे म लिखा भी है । इनके लिए जितने पैसे की जरूरत है उसको देने की आप कोशिश करे तो अच्छा होगा ।

मुझे जो आपने समय दिया उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हू ।

SHRI K GOPAL (Karur) Mr Chairman, on behalf of our party, we submitted a list of speaker Unfortunately, you did not go by order, with the result one of the Members had to leave the House in disgust, because he was waiting for his turn I would therefore request you to kindly call the Members according to the list

MR. CHAIRMAN : I called the Members one by one. But none of them was here. This is for your information.

SHRI K. GOPAL : Mr. Khan was very much in the House. He was bypassed.

MR. CHAIRMAN : Now, Mr. Pabitra Mohan Pradhan.

SHRI PABITRA MOHAN PRADHAN (Deogarh) : Mr. Chairman, I rise to support the Bill. The purpose of the Finance Bill, when it is passed is to authorise the Government to collect the money to defray the charges within the coming year ending 30th March, 1979. It is a very good thing. Without money no administration can run. So, the final budget was passed, the Appropriation Bill was passed. The Finance Bill must be passed. So, each and every person should support it. Without supporting it and without passing this Bill, the Government can not get the authority to collect the money and run the administration. Sir, the House has authorised the Government to spend money for the coming year. The amount is extremely very big. It is Rs. 36533,70,33,000. It is a very big sum. If this sum is properly spent, immense good will accrue to the society and to the individual.

From my experience in society and in administration I can say that not only in the Central Government but also in the state governments, fifty per cent of the money is mis-spent, ill-spent, and extravagantly spent. The first and foremost duty of the government, I do notsay of the Finance Ministry, because what can the Finance Ministry do, it can only audit and no body is respecting the audit reports, so it is the duty of the Government as a whole to take care and be cautious and see that the entire money is spent properly. From my varied experience, I say that we are not sincere or serious about spending money. Neither we, nor the previous government, nor those who were in authority in the beginning on August 15, 1947 were serious; I say this out of my experience and I can prove it. I do not lay any charge or any blame on ex-governments or on this government. It is the disease with the society and with the political parties. Today, this party, the Janata Party is here and the Opposition Party is criticising; when they were on that side they were also being criticised. Whoever comes to the gaddi is put to difficulty because of the nature of the society. So, it is their duty, the duty of the parties to support the government but catch the government by the neck if the government failed in the discharge of their duties in controlling the administration. So, I say that the first and foremost duty of the government, I do not speak of the Finance Minister or the finance depa rtment but of the government as a whole, is to have better administration free from delay, lethargy, indiscipline, corruption, bribery and bureaucracy. I think the government will take note of it and they will try to execute it. At present, where ever you go, be it the state government or the central government, you cannot get a paper from offices without worship, beginning from the lowest man to the highest man, somebody, with money, somebody with prayer, somebody with flattery. That is the system of our society. So, I say that all the political parties should combine and compel the government to do this. The government may be of any party, of Janata or Congress (I) or Congress (O) or Congress this and that, whoever is there should not be allowed to occupy the gaddi if insincere and incompetent.... (*interruptions*). Let the country go to dogs; let there be no administration. Because of such administration, people are put to difficulties. The departments and governments are so much harassing the people; had there not been those departments the people would be developing more and more. Departments, authorities and officers do not do their duty. If some persons volunteer to do their duty, they bring charges against them and concoct cases against them and book them in such a way that people do not volunteer to do certain things. When people come to the Ministers, the Ministers say: "What to do ? You did certain things like this and as a result you have been put to difficulties. The law should go in its own way." But when I was the Minister, I never said like that. But I do take a share of blemishes of my Government because I was also with them, just as you people were with Indiraji and have to take a share of her blemishes. So, the Government should be serious and sincere in controlling the expenditure of all the Government Departments. I think the institutions which are most extravagant are the Corporations, eithe belonging to the Cent al Gove nment or the State Governments. I would like to put a question to the hon. Minister. Is any Corporation self-supporting ? The Corporations have not been able to repay the loans and they are not paying interest. They are also not giving any dividend to anybody. Then, why should there be these Corporations ?

SHRI H. M. PATEL: Which Corporation ?

SHRI PABITRA MOHAN PRADHAN : You take any Corporation. No Corporation is making any profit. If you dive deep into their accounts, you will find that they cheat us this way or that way. We have no time to go through the papers. The audit people also, because of their brotherhood, are not very strict. I charge each and every Corporation that has taken money from the Government

[Shri Pabitra Mohan pradhan]

and which has not been able to pay interest and restore the capital How much money has been taken from the banks and from the Governments by them ? Why an individual or a Corporation that has taken loan from the public fund should not repay it ? Should we, politicans come and argue for them that the loan should be cancelled ? Why should it be done like that ? If I get an opportunity, I will prove my charges against the Corporations. I am not going to say anything more about this.

So many persons speak about the removal of poverty and unemployment In my opinion, nobody on earth can remove poverty of any other person and only when a person tries himself to remove his poverty, poverty will be removed. If the Government says that it would remove poverty, it cannot do it in any way. I say this from my experience. I was in the Government for a long period and I tried my best to see that poverty is removed. A lot of money has been spent profusely and even then, that could not be achieved.

I will give you one example.

I was Minister for Tribal and Rural Welfare Department in Orissa. I had to give land to thousands of families. I brought them from the hill-tops, gave each 5 acres of land, a pair of bullocks, plough, fowl, hen etc. and also seeds. In one colony 20 families were put and each family was given all the things I just mentioned After one year, I visited the colony. 10 families had fled away to the hill-tops. After 2 years, out of the remaining 10 families, 3 families were self-sufficient, 2 were living from hand to mouth and the rest were on the verge of going back. I visited another colony and the situation was the same So, what I am saying is, it is the mind of the persons and not the money that government gives which can remove poverty When you give some money, some people think, "Something has come to me; let me spend it this way or that way." You may give money; I do not obstruct it. But from my experience, I can say that it is the mind which is responsible When India was vivisected, in one section the refugees who came, there became self-sufficient within 5 or 7 years and started earning independently while in another section, they could not be self-sufficient because of the mind. And, of course, politics also played a part. So, nobody on earth can remove the poverty of any person unless that person himself sincerely desires to remove his poverty if he gets certain help from the government or society.

Coming to unemployment, every year the number of educated people is increasing. How will you give employment to all of them ? You cannot do it. If the Janata Government says it can do it. I say they are in the wrong. The only way is, you should make such a provision that every body in the house, educated or uneducated, must get some source of employment. No government can give employment to each and every educated person unless the government controls admission into the colleges every year. In communist countries they say, "This year, for this purpose only so many persons have to be sent for higher education" and only that number will go; not a man more will go. So, when they pass out, a job is ready for them. Now whether a boy has got first class, second class or third class, everybody is getting admission in schools, colleges and universities and they get a degree, sometimes without writing anything also. I know it happens in Bihar University, Orissa University, etc. and almost everywhere in India. If you want to control educated unemployment, you must control admission together with the number of students who are passing out every year in every course. So, if you say that you will remove unemployment within ten years, I think you are giving a wrong assurance to the society. You may say that you are trying your level best to give more employment, but not completely to remove unemployment

Sir, I have taken much of your time. I now come to my amendment. My amendment is to clause 38 where the excise duty and the customs duty on salt was to be completely removed. It is a very good thing. For this Mahatma Gandhi launched an agitation. So, when Mr. Desai became the Prime Minister, I think it is natural that he should desire that it should be completely removed. It has been done. It is very good. But to that I have added that together with that, salt either manufactured in or imported into the country, should not be taxed at any point and should not be made subject to sales tax. I think the hon. Minister will take note of it and see whether the customs and exicse duty can be taken out of it, and I am sure he will do it.

In conclusion I would say that when we are giving you so much money—by passing this Bill we are authorising the Government to defray the charges which will come in the course of payment during the coming year ending 31st March, 1979—the society demands from you, the society demands from the Government that the Government must control the administration, control the finances, control the expenditure, eradicate bribery and extravagance. So, I demand that the Government should have a clean administration, free from nepotism, favouritism, corruption, bribery and bureaucracy.

Mr. Chairman, Sir, with these words, I resume my seat.

श्री राम नरेश कुशवाहा (सलेमपुर) : सभापति महोदय, मैं वित्त विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । मुझे प्रसन्नता है कि हमारी पार्टी ने जो वादा किया है उस की ओर हमारी सरकार धीरे धीरे बढ़ रही है । लेकिन आशा के अनुरूप नहीं बढ़ रही है, यह मैं जोरदार शब्दों में कहना चाहता हूं क्योंकि हम ने सगुण रूप समाजवाद का लिया है कि समता और समृद्धि के आधार पर जो समाज बनेगा वही समाज हम बनाने की कोशिश करेंगे । यह समाजवाद का सगुण रूप है । मैं इसकी व्याख्या नहीं करना चाहता हूं लेकिन एक बात मैं जरूर कहना चाहता हूं कि यही सब से बड़ी कसौटी है समाजवाद की कि सब कितना आगे बढ़े, आप समानता कितनी लाए, आप सम्पन्नता कितनी लाए, इस पर आप के बजट की सफलता और आपकी सफलता निर्भर करेगी ।

मैं आप से कहना चाहता हूं, आप ने राजनैतिक समानता तो दी है लेकिन कानून की समानता नही दी है । कहने के लिए कानून की समानता है लेकिन आप का पूरा कानून जो आइ पी सी का बना है वह किस लिए है ? वह शासन करने के लिए है, गरीबों को सताने के लिए है और सताने वालों की रक्षा करने के लिए है । 323 का क्या मतलब है? जिस गरीब को जब चाहो जहां चाहो भर पेट मारो, उस की हड्डी मत तोड़ो, वैसे चाहे मारते मारते मार डालो कोई मुकदमा नही चलेगा । इसीलिए जब गाव का कोई अत्याचारी किसी गरीब आदमी को मारता है तो कह कर मारता है कि देखना ऐसा मारना कि टूटे फूटे नही, भले ही मारते मारते मार डालना क्योंकि तब 304 चलेगा, 302 नही । दफा 379 का क्या मतलब है? 250 रुपये से कम की चोरी होगी, तो पुलिस जांच भी नही करेगी । आप किसी भी गाव मे चले जाइये, गरीबों के मुहल्लो मे, आम तौर पर 50 फीसदी घर उन गरीबो के होते हैं, जिनके घर चोरी हो जाय, तो 250 रु० का माल नही मिलेगा ।

हमारे खेतों में खड़ी हरी खेती को कोई काट दे, तो क्या हश्र होता है । पूरे गांव की हरी फसल को काट दें, तब भी 50 रुपये की घास नही काटी गई—ऐसा माना जायगा और तब मुकदमा भी नही चलेगा । घास का दाम भी थानेदार लगायेगा, एक आना बोझा, दो आना बोझा या 10 पैसा बोझा कह लीजिये । चाहे जितनी खड़ी फसल काट दी जाय, 50 रुपय की घास कट ही नहीं पायेगी, इस लिय मुकदमा नही चलेगा ।

हमारे पशुओं को मार डालने को पूरी छूट है । 1861 मे आप का आइ०पी०सी० बना था, जिस वक्त 1 रुपये मन गेहूं और चावल था । उस समय 50 रुपये का पशु मारने पर मुकदमा चलता था और 50 रुपये का पशु कौन था ?

एक माननीय सदस्य : हाथी था ।

श्री राम नरेश कुशवाहा : सिवाय हाथी के कोई पशु नही था । वह कानून हाथी की रक्षा के लिये बना था, बकरी को रक्षा के लिये नही बना था । मैं आप से कहना चाहता हूं कि आप का कानून एक दम उल्टा है—गरीब को पीट-पाट कर मार डालने की पूरी छूट है, उस का घर लूटने की पूरी छूट है, उस के खेत को काटने की खुली छूट है, उसके पशुओं को मार डालने की खुली छूट है, तब फिर पुलिस किस लिये है ? हमारे खेत-खलिहान मे सारा धन पड़ा हुआ है, जो भी गरीब के पास होता है, वहां पुलिस पहरा नही देती है, न आप का कानून पहरा देता है । पुलिस वहां पहरा देती है जहां का धन तिजारी मे होता है, जहा रात-भर बिजली जलती है, वही पहरा देती है । गरीबों के लिये पुलिस केवल एक काम करने के लिये है—जब किसी गरीब का लड़का

[श्री रामनरेश कुशवाहा]

अखाडे मे लडने के लिये आने लगे, थोड़ा मजबूत हो जाय और गाव के किसी जबरदस्त आदमी को जवाब दे दे, तब वह थानेदार के पास जाकर कहता है कि इसको थोड़ा ठीक कर दो । श्रीमन, उस के लिये 107, 109, 110, 147, 148, 149, 151 और पता नही कौन-कौन सी धाराये हैं, जिन मे उठा कर उस को जेल मे बन्द कर दिया जाता है ।

श्री एच० एल० पटवारी : (मगलदाई) दफा 302 भी है ।

श्री राम नरेश कुशवाहा : ठीक है । गरीब का लडका चोर न भी हो, लेकिन उसे जबरदस्ती चोर बना दिया जाता है । यह पुलिस गरीबो के लिये नही है ।

आप रोना क्यो रोते हैं कि ला एण्ड आर्डर बिगड रहा है ? आप के कानून क्या कर रहे है ? कोई जबरदस्त आदमी किसी कमजोर आदमी को रास्ता-चलते रोज दो तमाचे मार दे—कोई मुकदमा नही चलेगा, क्योंकि कमजोर बोल नही सकता, लेकिन अगर 5 वर्ष तक मारते चले आए, तो फिर पाचवे वर्ष वह जरूर सोचेगा—दिन मे तो बदला नही ले सकता हू, मुकदमा चल नही सकता है, सरकार मदद नही कर सकती, नेता सुन नही सकता, तो फिर क्या करू । रात को ही कट्टा उठा कर जान से मार देगा । इसलिये मैं पूछता हू—ला एण्ड आर्डर के लिये क्यो रो रहे हैं ? आप का कानून इतना ढीला है कि किसी भी अत्याचारी को पकड नही सकता है । मैं आप को चुनौती देता हू—बतलाइये किस अत्याचारी को पकड़ा है ? किस गरीब की मदद की है—आप के कानून ने । यहा पर बहुत हल्ला मचा—मीसा मत लाइये, नजरबन्दी कानून मत लाइये—मैं आप से पूछता हू—गरीबों के लिये अब भी मीसा है, 109 मे बन्द कर दिया जाय, तो कौन उस की जमानत देता है, कहा से उस को पैसा मिलता है कि मुकदमा लड सके, सालहा-साल बन्द पडा रहता है । 110 मे डाल दीजिये, चाहे जिस कानून मे बन्द कर दीजिये, वह मुकदमा लड नही सकता और आप यदि कत्ल भी रोज करेंगे, तो पैसे के बल पर, वकील रख कर जाति-बिरादरी के नाम पर, हर प्रकार की सिफारिश लगाकर छूट जायेंगे । रोज कत्ल करते रहेंगे और जब कानून रक्षा नही करेंगे तो लोग अपनी रक्षा खुद करेंगे । जब अपनी रक्षा करेंगे तो अत्याचारी दबाएंगे और वे उस का मुकाबला करेंगे और रोज हिंसा होगी । लोगो को इस से घबराहट होती है कि हिंसा हो रही है, अत्याचार हो रहे है । मेरे मन मे तो यह बात आती है और मुझे लगता है कि गरीब जाग रहा है और अत्याचारी का मुकाबला करने जा रहा है और जब अत्याचारी का मुकाबला करेंगे तो जान से भी मारते है, लूटते-पाटते है और सब बाते करते है । आजादी लेने के लिए वह सब कर रहा है । जितनी कुर्बानी करनी चाहिए, आज गरीब उतनी कुर्बानी कर रहा है और मैं समझता हू कि जनता पार्टी के आने से एक नई भावना का उदय हुआ है । लेकिन मैं यह कहना चाहता हू कि आप को जो नौकरशाही है, वह आप की भावना, आप के कार्यक्रम और आप की नीति को लागू करने मे एकदम अक्षम है और मुझे तो ऐसा लगता है कि आप खुद भी उसे कन्ट्रोल नही कर पा रहे हैं । एक कोल्ड वार चल रही है, एक शीत-युद्ध चल रहा है और जैसी हमारे भोजपुरी मे कहावत है, भीतरी की मार, दहिजरू जाने । इस तरह की स्थिति आज हो गई है । आप कहते हैं कि अफसर हमारी बात सुनते नही है और जो आप कहते हैं उस का उल्टा वे करते हैं और आप इस में फंसे हुए हैं, यह मेरा चार्ज है आप पर । हमारा यह चार्ज इसलिए आप के ऊपर है कि जब हम आप से कुछ कहते हैं तो आप कह देते हैं कि अच्छा, ठीक है, हम देखेंगे लेकिन जब आप बाहर जाते हैं तो यह बयान देते हैं कि एम० पी०

और एम०एल०ए० कुछ भी कहें, अफ़सर अपना काम निर्भय हो कर करें और निर्भय हो कर वे क्या करते हैं? निर्भय हो कर वे आप के कार्यकर्ताओं को पीट रहे हैं, जो आप के समर्थक हैं, उन को अच्छी तरह से पीट रहे हैं क्योंकि अफ़सरों की सांठ-गांठ है उन घूस खिलाने वालों से जो उन के दलाल रहे हैं जोकि 30 साल तक सत्ता में रहे हैं। वे मिल बैठ कर पैसा बांट लेते हैं लेकिन आप के जो कार्यकर्ता हैं, वे इस तरह का काम नहीं कर सकते हैं और न आप ही ऐसा कर सकते हैं। न आप उन को पैसा खिलाने का काम कर सकते हैं और न आप उन को कमीशन दे सकते हैं, इसलिये वे मन में आप के साथ नहीं हैं और जो आप की नीतियां हैं, उन से उल्टा वे काम कर रहे हैं। मैं आप को कहना चाहता हूं कि इन परिस्थितियों को बदलने में आप कुछ कर नहीं पा रहे हैं। अगर आप संत बन कर कंठी माला ले कर जाप करते रहेंगे तो मैं आप से कहता हूं कि इस से कोई कल्याण होने वाला नहीं है।

एक बात और मैं आप से कहना चाहता हूं। रिजर्वेशन के बारे में वहां पर बात हुई है और कुछ इशारा उस तरफ़ लोगों ने किया था कि रिजर्वेशन हो या न हो और हो तो किस आधार पर हो। मैं आप को कहना चाहता हूं कि रिजर्वेशन तो मनु-स्मृति के काल से चला आ रहा है। हम इस में कोई झगड़ा नहीं करना चाहते हैं। हम मनु-स्मृति को मानते हैं। मनु-स्मृति को ही आप ले लीजिए। उस का जो काम है, उस पर वह छोड़ दीजिए। वैश्य का काम है खेती, नौकरी और व्यापार, राज-पाट आप ले लीजिए। वैश्य और शूद्र अपने आप निपट लेंगे कि किस को खेती करनी है, किस को नौकरी करनी है और किस को व्यापार करना है। आप का जो संविधान है, उस में सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन की बात कही गई है और उसी आधार पर कांग्रेस की सरकारों ने रिजर्वेशन किया है और आज अगर हम उस को करने जा रहे हैं, तो आप गालियां दे रहे हैं। उन लोगों का क्या मुंह है जिस से वे इस बारे में कहें। आन्ध्र में 26 परसेंट रिजर्वेशन किया गया है, कर्नाटक में 40 परसेंट किया गया है, केरल में 40 परसेंट है, महाराष्ट्र में 33 परसेन्ट है और उत्तर प्रदेश में भी इन का ही किया हुआ है। तो मैं आप से कहना चाहता हूं कि अगर हमारे कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में इस को शुरू किया है, तो किस लिए हल्ला कर रहे हो। कितनी आप में ईमानदारी है? आप बड़े लोगों का एक संगठन बनाना चाहते हो। मैं तो श्री कर्पूरी ठाकुर को बधाई देना चाहता हूं और उन की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं कि उन्होंने जनता पार्टी के सब से विवादग्रस्त कार्यक्रम को लागू करने का बीड़ा उठाया है। सम्पूर्ण क्रान्ति का बहुत नारा लगाया जाता है। सम्पूर्ण क्रान्ति का मतलब यह तो नहीं है कि जो मार खाता था वह मार खाता रहे, जो पिछड़ा हुआ था वह पिछड़ा रहे। पिछड़ा हुआ अगर आगे आएगा, जो मार खाने वाला है, वह आगे आएगा, तो फिर जिस के पास है, वह उसे नहीं देना चाहेगा और उसे देने के लिए नाराज होगा।

18.00 hrs.

चेयरमेन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बहुत इम्पार्टेन्ट मसला है। सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है कि 50 प्रतिशत से अधिक सीटों का रिजर्वेशन नहीं हो सकता है। जो लोग 80 प्रतिशत हैं उनके लिए 50 प्रतिशत स्थान ही क्यों? मैं आप से कहना चाहता हूं कि अगर आर्थिक तौर पर यह करना चाहते हैं तो करें। आज हिन्दुस्तान के अन्दर एक ही वर्ग के, एक ही वर्ण के लोगों के पास खेती भी है, नौकरी भी है, व्यापार भी है और वही वर्ग या वर्ण सब चीजों पर कुण्डली मार कर बैठा हुआ है। हम आर्थिक तौर पर रिजर्वेशन के लिए तैयार...

[श्री राम नरश कुशवाहा]

हैं । हर गरीब हमारा भाई है, हरिजन भी हमारा भाई है । लेकिन जो ये सब चीज़ों पर कब्जा जमाये बैठे हैं उनकी संख्या दो प्रतिशत है । आप दो प्रतिशत के लिए 50 प्रतिशत रिजर्वेशन और 98 प्रतिशत के लिए भी 50 प्रतिशत रिजर्वेशन दें, यह हम मानने के लिए तैयार नहीं हैं । इसलिये आपको अगर आर्थिक आधार पर रिजर्वेशन करना है तो लाभकर जोत के किसान जिनका मूल वतन पांच सौ रुपये है या जो इंकमटेक्स देने वाले व्यापारी हैं उनका आप जनसंख्या में प्रतिशत निकाल लीजिए और उसका हिसाब निकाल कर उन्हें जनसंख्या के हिसाब से पांच प्रतिशत स्थान ज्यादा दे दीजिए । जितने ये लोग इस देश की सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं उनकी जनसंख्या के मुताबिक उन्हें दे दीजिए, । आप एक पेशे की नीति अपना लें । एक आदमी एक रोज़गार, खेती, नौकरी और व्यापार । बिना इसके न आप देश में बेरोज़गारी मिटा सकते हैं, न गरीबी मिटा सकते हैं । ये जातिवाद के हिमायती और जातिवाद पर पनपने वाले लोग जो हैं इनका प्रतिशत आप निकाल लीजिए ।

MR. CHAIRMAN : He may continue tomorrow. The House stands adjourned till 11 a.m. tomorrow.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, April 28, 1978/Vaisakha 8, 1900 (Saka).

GIPMAND—I—762 LS 880

PLS. 40 XIV. 45.78
880

© 1978 BY LOK SABHA SECRETARIAT

PUBLISHED UNDER RULES 379 AND 382 OF THE RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN LOK SABHA (SIXTH EDITION) AND PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI.